दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 102 | सोमवार, 14 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## BSF पर फायरिंग, 200 घर जलाने का दावा

# मुर्शिदाबाद हिंसा में 500 हिंदू परिवारों का पलायन

**कोलकाता।**

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के बाद से जहां तनाव की स्थिति बनी हुई है, वहीं हिंदू खौफ में हैं। आलम यह है कि जिले में हिंसा से प्रभावित लगभग 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। उन्होंने भागीरथी नदी पार कर मालदा जिले में शरण ली है। राज्य के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि कट्टरपंथियों के डर से लोग भागने को मजबूर हैं। कई लोग झारखंड भी गए हैं। फरक्का से तृणमूल कांग्रेस विधायक मनिरुल इस्लाम के भी पलायन करने की खबर है। उनके घर ताला लगा है। उधर, हिंसाग्रस्त शमशेरगंज में उपद्रवियों ने बीएसएफ टीम पर फिर फायरिंग की है। हिंसा में दो बच्चे घायल हुए हैं। उपद्रवियों पर कई महिलाओं से छेड़खानी का भी आरोप है। मामले में 12 और लोगों की गिरफ्तारी के साथ अब तक करीब 150 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी। एक अलग घटना में शनिवार शाम धुलियान में एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया था। ऐसे में प्रशासन द्वारा हिंसाग्रस्त इलाकों में शांति कायम करने की कोशिशों के बीच रविवार सुबह जिले के हिंसाग्रस्त शमशेरगंज के धुलियान इलाके में उपद्रवियों ने फिर फायरिंग की। क्षेत्र में शांति बहाल करने में राज्य पुलिस की सहायता के लिए तैनात बीएसएफ टीम को निशाना बनाकर फायरिंग की गई।

**अब तक करीब 150 लोगों को किया जा चुका गिरफ्तार**



## मुर्शिदाबाद हिंसा पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर रहे हैं, केंद्र स्थिति पर नजर रख रहा है : राज्यपाल

**नई दिल्ली।**



राज्यपाल ने कहा, मैं उपद्रवियों को बता दूं कि हिंसा और अपराधियों के खिलाफ हमारा रुख सख्त रहेगा और किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि वह हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले के संबंध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ नियमित रूप से चर्चा कर रहे हैं, जबकि केंद्र स्थिति पर नजर रख रहा है। एक वीडियो संदेश में बोस ने कहा कि पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है और उसके साथ-साथ राज्य पुलिस भी सहयोग के लिए सक्रिय है। मुर्शिदाबाद जिले के सुती और शमशेरगंज ब्लॉक में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, कई अन्य घायल हो गए और कई दुकानों में आग लगा दी गई। शुक्रवार को हिंसा शुरू होने के बाद से बड़ी संख्या में लोग इन इलाकों से पलायन कर गए हैं। राज्यपाल ने कहा, मैं उपद्रवियों को बता दूं कि हिंसा और अपराधियों के खिलाफ हमारा रुख सख्त रहेगा और किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## अब डॉ अंबेडकर नगर से दिल्ली के लिए चलेगी ट्रेन, अश्विनी वैष्णव ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।**




डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती से एक दिन पहले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को डॉ. अंबेडकर नगर से नई दिल्ली के लिए एक नई ट्रेन सेवा को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री वैष्णव ने मीडिया से बात करते हुए बताया, ₹कल (14 अप्रैल 2025) डॉ. अंबेडकर जयंती है और आज हमने उनके जन्मस्थान से दिल्ली के लिए ट्रेन रवाना की है। इससे अंबेडकर नगर और दिल्ली के बीच संपर्क बेहतर होगा। यह ट्रेन उज्जैन के रास्ते चलेगी। साल 2028 में उज्जैन में महाकुंभ का आयोजन होना है, ऐसे में इसे महाकुंभ की तैयारियों की शुरूआत के रूप में भी देखा जा सकता है। इसी दिन राजस्थान के कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कोटा रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली के लिए एक विशेष ट्रेन को रवाना किया। यह ट्रेन कोटा और दिल्ली के बीच सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी। अंबेडकर जयंती के मौके पर 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में कई विकास परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। ये परियोजनाएं सामाजिक और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़ी होंगी। 14 अप्रैल 1891 को जन्मे डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर साल पूरे देश में मनाई जाती है। इस दिन स्कूल, बैंक और कई सार्वजनिक संस्थान बंद रहते हैं। लोग बाबासाहेब को श्रद्धांजलि देने के लिए फूल चढ़ाते हैं, दीप जलाते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार और 'फादर ऑफ इंडियन कॉन्स्टीट्यूशन' कहा जाता है। वह आजाद भारत के पहले कानून मंत्री भी रहे।

## सार संक्षेप

### मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया



**नई दिल्ली।**

रविवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रनों से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 19 ओवर में 193 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए करुण नायर ने सबसे ज्यादा 89 रन बनाए।

मुंबई इंडियंस ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रनों से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 19 ओवर में 193 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए करुण नायर ने सबसे ज्यादा 89 रन बनाए। मुंबई की ओर से कर्ण शर्मा ने तीन विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स की आईपीएल 2025 में ये पहली हार है, जबकि मुंबई इंडियंस ने दूसरा मुकाबला जीता है। 206 रनों के लक्ष्य पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को पहले ही ओवर में झटका लगा।

### पवन कल्याण की पत्नी ने पूरा किया मन्नत, तिरुमला मंदिर में करवाया मुंडन संस्कार




**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की पत्नी अन्ना कोनीदेला ने रविवार को तिरुमला मंदिर में मुंडन करवा कर अपनी मन्नत पूरी की। यह मन्नत उन्होंने उस समय मांगी थी जब उनके बेटे मार्क शंकर एक दुर्घटना के शिकार हो गए थे।

मार्क शंकर हाल ही में सिंगापुर के एक समर कैंप में भाग लेते समय आग लगने की दुर्घटना में घायल हो गए थे। यह हादसा 8 अप्रैल को हुआ, जिसमें उन्हें हाथ और पैरों में जलन के साथ-साथ धुएं के कारण सांस संबंधी दिक्कतें भी हुईं। अन्ना कोनीदेला ने तिरुमला मंदिर स्थित पद्मावती कल्याण कट्टा में अपने बाल अर्पित किए और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। जनसेना पार्टी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि अन्ना ने यह मन्नत की थी कि अगर उनके बेटे की जान बच गई तो वे भगवान वेंकटेश्वर को अपने बाल अर्पित करेंगी।

## कांग्रेस ने कहा- 'यह आरएसएस की भाषा'

# तमिलनाडु के राज्यपाल ने लगवाया 'जय श्री राम' का नारा

**चेन्नई।**



मदुरै के थिरुप्परनकुन्द्रम में स्थित त्यागराजार इंजीनियरिंग कालेज के कंबन फेस्टिवल के दौरान छात्रों से 'जय श्री राम' का नारा लगाने के राज्यपाल आरएन रवि के आह्वान से एक नया विवाद खड़ा हो गया है। कार्यक्रम में रवि मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में 'जय श्री राम' का नारा लगाया और छात्रों से भी ऐसा करने के लिए कहा। हाल ही में राज्यपाल को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानमंडल द्वारा पारित 10 विधेयकों पर कार्रवाई न करने के लिए फटकार लगाई थी।

हसन ने कहा, 'राज्यपाल देश के सर्वोच्च पदों में से एक पर आसीन हैं, लेकिन वह एक धार्मिक नेता की तरह बोल रहे हैं... वह आरएसएस और भाजपा के प्रचार मास्टर बन गए हैं। राज्यपाल इस तरह से काम नहीं कर सकते। वह तमिलनाडु में आरएसएस की विचारधारा का प्रसार कर रहे हैं। वह जिस पद पर हैं वह एक संवैधानिक पद है, इसलिए उन्हें तटस्थ रहना होगा।' कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्यपाल रवि को पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। कोर्ट ने उनके खिलाफ ऐतिहासिक फैसला दिया है क्योंकि उन्होंने राज्य विधानमंडल द्वारा पारित 10 विधेयकों पर कार्रवाई न करके असंवैधानिक और मनमाने तरीके से काम किया है। भाकपा के राज्य सचिव आर. मुथरासन ने संवैधानिक मानदंडों के उल्लंघन में काम करने और निर्वाचित राज्य सरकार के कामकाज में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए भारत के राष्ट्रपति और केंद्र सरकार से राज्यपाल रवि को पद से हटाने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि वह ऐसे व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहे हैं जो खुद को न्यायपालिका और संविधान से ऊपर समझते हैं।

मुथरासन ने राज्यपाल के इस कृत्य को तमिलनाडु की सांस्कृतिक और कलात्मक परंपराओं के विपरीत बताया। उन्होंने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की ओर इशारा किया, जिसने राज्यपाल द्वारा की गई कई कार्रवाइयों को पलट दिया, जिसमें उनकी भूमिका की संवैधानिक सीमाओं को स्पष्ट किया गया। मुथरासन ने कहा कि इसके बावजूद, राज्यपाल सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेना और विवादास्पद बयान देना जारी रखे हुए हैं। इस बीच, राज्यपाल ने अपने संबोधन के दौरान राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार के एक वरिष्ठ नेता द्वारा 'अश्लील और अपमानजनक' भाषा के इस्तेमाल की कड़ी निंदा की और इसे 'अस्वीकार्य और शर्मनाक' बताया।

## आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका, 8 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली जिले में एक पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर दूर तक लोगों ने इसे सुना। इस विस्फोट में फैक्ट्री में काम करने वाले 8 मजदूरों की मौत हो गई। अनाकापल्ली के पुलिस अधीक्षक तुहिन सिन्हा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए घटना की पुष्टि की। यह विस्फोट दोपहर करीब 12.45 बजे कोटावुराटला गांव में हुआ और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त वहां पर 30 से अधिक मजदूर मौजूद थे।

## कर्नाटक जाति जनगणना रिपोर्ट पर नहीं होगा जल्दबाजी में फैसला, 17 अप्रैल को विशेष बैठक

**बेंगलुरु।**



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार सामाजिक आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट (जाति जनगणना) के सिलसिले में जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेगी। इस रिपोर्ट को हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष पेश किया गया था शिवकुमार ने कहा कि मंत्रिमंडल जाति जनगणना का अध्ययन करेगा और तथ्यों के आधार पर सभी के साथ न्याय किया जाएगा। उन्होंने रिपोर्ट के खिलाफ दिए जा रहे बयानों को राजनीतिक करार दिया। कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट शुक्रवार को मंत्रिमंडल के समक्ष रखी गई और 17 अप्रैल को होने वाली विशेष कैबिनेट बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी। तत्कालीन अध्यक्ष के जयप्रकाश हेगड़े के नेतृत्व वाले आयोग ने पिछले साल 29 फरवरी को मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को रिपोर्ट सौंपी थी, जबकि समाज के कुछ वर्गों ने इस पर आपत्ति जताई थी और सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर भी इसके खिलाफ आवाज उठ रही थी। शिवकुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसके बारे में बात की है। मैंने अभी तक रिपोर्ट नहीं देखी है, क्योंकि मैं कल बेलगावी और मंगलुरु के दौरे पर था। इस पर मंत्रिमंडल बैठक में चर्चा होनी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि इस पर विधानसभा में भी चर्चा की जाएगी। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि रिपोर्ट में क्या है, इसलिए वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे।

## विश्व की सर्वप्रथम फिल्म फोरेंसिक पर संगोष्ठी

**नई दिल्ली।**



नई दिल्ली में दुनिया की पहली फिल्म फोरेंसिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हेमा मालिनी रहीं।

दरअसल, राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में, 14 से 15 अप्रैल 2025 तक विज्ञान भवन, दिल्ली में ह्यनए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन और आतंकवाद से निपटने में फोरेंसिक विज्ञान की भूमिकाह्न पर अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन (एआईएफएसएस) का आयोजन कर रहा है। भारत सरकार के केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश; आर वेंकटरमानी, भारत के अटॉर्नी जनरल; न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम; अध्यक्ष एनएचआरसी; मनन कुमार मिश्रा, अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ इंडिया और गोविंद मोहन, केंद्रीय गृह सचिव शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। फिल्म फोरेंसिक पर संगोष्ठी के दौरान, लघु फिल्म श्रेणी में 40 प्रविष्टियों में से, सर्वश्रेष्ठ छह (06) को फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के निर्णायक मंडल द्वारा चुना गया और कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया।

**एनएफएसयू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में किया आयोजन**

## संपादक की कलम से

# बंगाल की हिंसा

हमारा संदेह है कि पश्चिम बंगाल में इतना हिंसक, दंगानुमा, आगजनी, रेलवे ट्रैक को बाधित करने और खून-खराबे वाला माहौल क्यों है? देश के अन्य राज्यों में ऐसी हिंसा क्यों नहीं है? क्या बंगाल में दंगाइयों और उपद्रवियों को सत्ता का संरक्षण रहा है? क्या वोट बैंक की खातिर इन दंगाइयों को खुली छूट मिली हुई है? हिंदू पिता-पुत्र की चाकू से गोद कर हत्या कैसे कर दी गई? उपद्रवियों और एक खास जमात के दंगाइयों ने घरों, दुकानों, मंदिरों पर हमले करने का दुस्साहस कहां से हासिल किया? रेलगाडि ?ां रोक दी गईं, क्योंकि पटरियों पर हजारों की भीड़ बैठी थी। ऐसे हालात के मद्देनजर कलकत्ता उच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि अदालत आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकती। उच्च न्यायालय को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा। बीएसएफ के 300 जवानों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 5 कंपनियां भी तैनात की गई हैं। यह नौबत ही क्यों आई? राज्यपाल सीवी आनंद बोस को कठोर बयान देने पड़े कि सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने और किसी की जिंदगी को खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल ऐसे उग्र, नफरती, हिंसक हालात और माहौल का बुनियादी सबब क्या है? वक्फ संशोधन कानून एक मुखौटा कारण हो सकता है, लेकिन जो मुस्लिम नेता, सांसद, मौलाना आदि सरेआम औसत मुसलमानों को भडका-सुलगा रहे हैं, क्या उनके कुत्ते, हरामखोर, गद्दार वाले बयान किसी कानून के दायरे में नहीं आते? क्या ये गालियां भी अभिव्यक्ति की आजादी हैं? कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, लिहाजा अमन-चैन बरकरार रखना मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस का संवैधानिक दायित्व है। संविधान में केंद्र और राज्य की भूमिकाओं की स्पष्ट व्याख्या है। समवर्ती सूची का कानून केंद्र और राज्य दोनों ही बना सकते हैं। यदि ऐसे किसी कानून पर केंद्र बनाम राज्य की टकरावपूर्ण स्थिति पैदा होती है, तो संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत केंद्र का बनाया कानून ही मान्य होगा। राज्य सरकार उसे खारिज नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री ने बंगाल में केंद्र की आयुष्मान भारत योजना भी लागू नहीं होने दी है। संविधान का अनुच्छेद 245 बताता है कि संसद पूरे भारत अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकती है। राज्य विधानमंडल राज्य अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकता है। अनुच्छेद 246 अधिकार-क्षेत्र संबंधी विवादों को दूर करने के लिए विधायी विषयों को सौंपता है। वक्फ बिल इन्हीं अनुच्छेदों की परिधि में पारित कराया गया है। वह समवर्ती सूची का भी कानून है, लिहाजा संसद द्वारा पारित किए गए बिल को बंगाल कैसे नकार सकता है? यदि इस संबंध में भारत सरकार कोई कार्रवाई करती है, तो संघीय ढांचे के उल्लंघन का रोना रोया जाएगा। यह विवाद फिलहाल सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। इसी 16 अप्रैल को 20 याचिकाओं की सुनवाई होगी। वक्फ कानून की आड़ में उपद्रव मचाने वालों को याद रखना चाहिए कि आखिर फैसला शीर्ष अदालत को ही करना है। तोड़-फोड़ करने या गली-गली आंदोलन सुलगा कर कुछ भी हासिल नहीं होगा। मौलाना किसान आंदोलन की तुलना करना छोड़ दें।



ललित शर्मा
संपादक


# जयंती का शोर, विचारों से गैरहाज़िरी, मूर्ति की पूजा, विचारों की हत्या, हाथ में माला, मन में पाखंड



प्रियंका सौरभ

बाबा साहब के विचारों—जैसे सामाजिक न्याय, जातिवाद का उन्मूलन, दलित-पिछड़ों को सत्ता में हिस्सेदारी, और संविधान की गरिमा की रक्षा—को आज के राजनेता पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं। राजनीतिक दल केवल वोट बैंक के लिए अंबेडकर की जयंती मनाते हैं, जबकि वे उनके विचारों से कोसों दूर हैं। जिन मुद्दों के लिए बाबा साहब ने जीवन भर संघर्ष किया—जैसे आरक्षण की सामाजिक भूमिका, जातिगत जनगणना, आर्थिक आधार पर प्रतिनिधित्व—उन्हें आज भी दरकिनार किया जा रहा है। संसद और विधानसभाओं में पूंजीपतियों, सेलेब्रिटीज को भेजा जा रहा है, जबकि वंचित वर्ग हाशिए पर है। क्या बाबा साहब की आत्मा तब तक संतुष्ट हो सकती है जब तक उनके सपनों का भारत साकार न हो? यदि सच में अंबेडकर को श्रद्धांजलि देनी है, तो उनके विचारों को व्यवहार में लाना होगा—वरना यह सब केवल एक दिखावा और ढोंग ही रह जाएगा। देश भर में आज बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। मंदिरों की घंटियों की तरह मंचों पर माइक बज रहे हैं, फूलों की माला और भावुक भाषणों की बाढ़ है। लेकिन इन सबके बीच एक सवाल लगातार मन को कुरेदता है – क्या यह श्रद्धांजलि है या सत्ता की साधना? बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। वे महार जाति से थे, जिसे अछूत समझा जाता था। सामाजिक बहिष्कार और अपमान के बीच उन्होंने शिक्षा हासिल की और कोलंबिया विश्वविद्यालय व लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की। यह उपलब्धि अपने आप में उस समय के भारत में एक क्रांति थी। बाबा साहेब ने सामाजिक अन्याय के खिलाफ मोर्चा खोला और 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया – एक ऐसा धर्म जो समता, करुणा और ज्ञान की राह दिखाता है। 6 दिसंबर 1956 को उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनके विचार आज भी जीवित हैं – बशर्ते उन्हें ज़िंदा रखा जाए। आज जब हम संसद और विधानसभाओं की तरफ नजर डालते हैं, तो पाते हैं कि वहां बड़े पैमाने पर पूंजीपति, अभिनेता, खिलाड़ी मौजूद हैं। लेकिन जो बहुजन समाज सत्ता की सीढ़ी बनता है, उसे नीचे ही रहने दिया जाता है। जातिगत जनगणना से बचने वाली सरकारें, सामाजिक न्याय को स्थायी नीति में बदलने को तैयार नहीं हैं। यही कारण है कि समाज में गहराई से असमानता बनी हुई हबाबा साहब की जयंती पर करोड़ों रुपये खर्च कर देना, बड़ी रैलियां और पोस्टर लगवा देना, उनकी मूर्तियों को फूलों से ढक देना – क्या यही श्रद्धा है? क्या ये वही लोग नहीं हैं जो बाबा साहब की किताबें कभी पढ़ते तक नहीं? क्या ये वही सियासी दल नहीं हैं जिनकी नीतियां प्रत्यक्ष रूप से संविधान की आत्मा के विरुद्ध जाती हैं ?यह ढोंग तभी रुकेगा जब हाथी के दांत खाने और दिखाने के एक कर दिए जाएं। जब कथनी और करनी में फर्क मिटेगा। और जब शासन सत्ता में सभी को जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी मिलेगी – तभी हम कह सकेंगे कि हमने बाबा साहब को सही मायनों में श्रद्धांजलि दी है।जिस बाबा साहेब ने भारत के सबसे दबे-कुचले, हाशिए पर पड़े वर्गों को आवाज दी, संविधान में उनके अधिकार सुनिश्चित किए, उन्हीं के नाम पर आज वही लोग जयंती मना रहे हैं जिन्होंने उनके विचारों को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी।बाबा साहेब ने स्पष्ट कहा था: मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ, यह मेरे बस में नहीं था, लेकिन हिंदू होकर मरूंगा नहीं – यह मेरे वश में है। इस ऐतिहासिक उद्घोषणा को समझने के बजाय, राजनेताओं ने उन्हें मूर्तियों तक सीमित कर दिया। संविधान, जिसे उन्होंने दलितों, पिछड़ों और गरीबों की रक्षा के लिए लिखा था, उसे आज बेतरतीब तरीके से तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है। बड़े दुख की बात है कि जिन दलों का जन्म ही दलितों और पिछड़ों के हक के लिए हुआ था, वे आज या तो सत्ता के लालच में चुप हैं या डर के मारे मौनव्रत धारण किए हुए हैं। बसपा जैसे दल बाबा साहेब का नाम लेकर सत्ता में आए, लेकिन आज उनके सिद्धांतों की रक्षा में सबसे पीछे हैं। सिर्फ चुनावी रणनीति बनकर रह गया है बाबा साहेब का नाम। आरक्षित सीटों से विधायक-सांसद बनने वाले लोग अपने-अपने दलों की गुलामी में मग्न हैं। वे दलित हितों पर हो रहे प्रहारों को मूकदर्शक बनकर देख रहे हैं। ऐसे में एक साधारण नागरिक के तौर पर मैं, विनेश ठाकुर, इन सत्ता-भोगी प्रतिनिधियों की कठोर निंदा करता हूँ। आज जो लोग बाबा साहेब को याद कर रहे हैं, उनमें से अधिकांश ने उनके विचारों पर एक कदम भी चलने का साहस नहीं दिखाया। जातिगत जनगणना, जनसंख्या के अनुपात में सत्ता में हिस्सेदारी, शिक्षा और रोजगार में बराबरी जैसे मुद्दे आज भी लंबित हैं। इसके बजाय गरीबों को फ्री राशन देकर खुश करने की नीति अपनाई जा रही है – स्थायी रोजगार और गरिमा भरे जीवन की जगह भीख सरीखा जीवन दिया जा रहा है। लोकसभा और विधानसभाओं में बड़े-बड़े उद्योगपति, अभिनेता और खिलाड़ी पहुँचते हैं, लेकिन जिनके वोटों से सरकारें बनती हैं – दलित, आदिवासी, ओबीसी – वे आज भी हाशिए पर हैं। बाबा साहेब की असली विरासत की हत्या हो चुकी है और अब उनकी जयंती सिर्फ एक राजनीतिक इवेंट बन गई है। उनकी जीवनी सबको मालूम है – 14 अप्रैल 1891, महू (मध्यप्रदेश) में जन्म, अछूत मानी जाने वाली महार जाति से संबंध, बचपन में भेदभाव का शिकार, लेकिन अद्वितीय प्रतिभा से दुनिया को चौंका देने वाला व्यक्तित्व। उन्होंने पूरी दुनिया से ज्ञान अर्जित कर भारत के लिए एक ऐसा संविधान लिखा जो हर नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी देता है। 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाकर सामाजिक विद्रोह किया। वे जीवन भर छुआछूत, जातिवाद, असमानता और राजनीतिक उपेक्षा के खिलाफ संघर्ष करते रहे। लेकिन आज, उनके नाम पर सिर्फ भीड़ जुटाई जा रही है, विचार नहीं। राजनीतिक दलों से मेरा सीधा सवाल है – क्या आपने सामाजिक न्याय के लिए कोई ठोस कदम उठाया? जवाब स्पष्ट है: शून्य। यदि वास्तव में आप बाबा साहेब की सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो एक वर्ष के लिए धार्मिक आयोजनों, दिखावटी अभियानों और मूर्ति अनावरणों का बजट काटिए। उस पैसे से सभी जातियों के लिए आर्थिक आधार पर न्याय की व्यवस्था कीजिए। सत्ता में जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित कीजिए। 50% कमीशनखोरी बंद करिए, निजीकरण की लहर पर विराम लगाइए। अगर आप यह कर सकें, तो यकीन मानिए – बाबा साहेब की आत्मा कहेगी, अब तुमने मेरे विचारों को सिर्फ याद नहीं किया, बल्कि जिया है। वरना, हाथी के दिखाने और खाने के दांतों में फर्क बना रहेगा – और यह फर्क ही एक दिन लोकतंत्र को निगल जाएगा।

# समता मूलक समाज की स्थापना के प्रणेता डॉ. अम्बेडकर



(सुरेश पचौरी–विनायक फीचर्स)

मध्यप्रदेश की माटी के गौरव सपूत, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर, समता मूलक समाज की स्थापना के प्रणेता और भारत के संविधान के निमार्ता हैं। डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्षों की ऐसी महागाथा है जिसने इंसानियत को सही अर्थों में समझा और मानवीय गरिमा को स्थापित कर इतिहास को गौरवान्वित किया। डॉ. अम्बेडकर देश के कमजोर वर्गों के आत्मसम्मान और सामाजिक, आर्थिक समानता के सबसे बड़े पैरोकार थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। महार जाति में जन्में डॉ. अम्बेडकर ने गैर बराबरी, छुआछूत, अन्याय, शोषण, दमन, घृणा, तिरस्कार और वेदना की पराकाष्ठा की भट्टी में तपते हुए सतह से शिखर की उंचाई को स्पर्श किया है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। 1912 में उन्होंने स्नातक परीक्षा पास की। उन्होंने अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम.ए. किया, लंदन स्कूल ऑफ इकोनामिक्स से डी.एससी. एवं कोलंबिया यूनिवर्सिटी से डॉक्टर ऑफ लॉ की डिग्री हासिल की। वे एक चिंतनशील व्यक्ति तथा कर्मयोगी थे। उनका जीवन, उन्हें मिली सफलताएं और उपलब्धियां अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा का जाति से कोई संबंध नहीं होता। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिभा को खुला और उन्मुक्त वातावरण मिलना चाहिए। असाधारण संगठन क्षमता और अन्याय के विरूद्ध लोहा लेने की उनकी संकल्पबद्धता उन्हें सहज ही एक महान इतिहास पुरूष के रूप में प्रतिष्ठापित कर देती है। दलित समाज में मानवाधिकारों के प्रति चेतना जगाने में उनका विशेष योगदान है। दलित एवं कमजोर वर्गों के लिए उनका स्पष्ट संदेश था झ ह्लशिक्षित बनो, संगठित रहों और संघर्ष करो। आजाद भारत के पहले मंत्रिमंडल में डॉ. अम्बेडकर देश के कानून मंत्री बने। वे संविधान सभा के सदस्य भी थे तथा उन्हें संविधान सभा की ड्रॉफ्ट कमेटी का सभापति बनाया गया था। आजादी के तत्काल बाद 1947 में जब साम्प्रदायिक विद्वेष की आग फैल रही थी ऐसे में सबसे बड़ी चुनौती थी, एक ऐसा संविधान बनाने की, जो सर्वस्वीकार्य हो। डॉ. अम्बेडकर ने इस चुनौती को सहर्ष स्वीकार किया। डॉ. अम्बेडकर राजनैतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र में बदलना चाहते थे। वे आर्थिक शोषण के खिलाफ संरक्षण को संविधान के मूलभूत अधिकारों के रूप में सम्मिलित करने के पक्षधर थे। डॉ. अम्बेडकर ने विश्व संविधानों के श्रेष्ठ मूल्यों, उन्नत प्रावधानों को भारतीय संस्कृति के अनुरूप ढालकर भारतीय संविधान को वैश्विक संघर्षों एवं अनुभवों से समृद्ध किया। स्वतंत्र भारत के संविधान के शिल्पकार के रूप में डॉ. अम्बेडकर के योगदान को पूरा देश बड़े गौरव के साथ स्मरण करता है। डॉ. अम्बेडकर ने संविधान की रचना करते समय इस बात को बारीकी से ध्यान में रखा कि आजाद भारत जातियों, संप्रदायों में विभाजित हुये बिना एकजुट मानव समाज के रूप में अपनी विकास यात्रा तय करे। संविधान में डॉ. अम्बेडकर ने ऐसे अनेक प्रावधान रखे, जिसके चलते न केवल दलित वर्ग को अपितु संपूर्ण मानव समाज को समानता से जीने का अधिकार मिला। उन्हीं के प्रयासों से छुआछूत को दंडनीय अपराध घोषित किया गया। संविधान में सामाजिक न्याय और कमजोर वर्ग की बेहतरी के अनेक प्रावधान किये गये। डॉ. अम्बेडकर का जीवन एवं दर्शन सामाजिक एवं आर्थिक नवनिर्माण को सही दिशा देने का मूल मंत्र है। उन्होंने वित्त आयोग, आर.बी.आई. निर्वाचन आयोग, पानी, बिजली, ग्रिड सिस्टम, संपत्ति में महिलाओं का अधिकार आदि अनेक विषयों पर अपने विचार आलेख के रूप में प्रस्तुत किये। राष्ट्रनिर्माण, विदेशनीति निर्धारण, श्रमिक कल्याण, कृषि तथा औद्योगिक विकास में उनका तत्कालीन चिंतन आज भी देश की जनता के लिए धरोहर सरीखा है। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ. अम्बेडकर एक चिंतनशील पत्रकार थे। वे पत्रकारिता को सामाजिक न्याय का माध्यम मानते थे।

## पत्थर दिल से प्रीत



उदय किशोर साह

कविता

पत्थर दिल को क्यूं मीत बनाया
बेवफा को मैं समझ नहीं पाया
गरल का जाम से प्यास बुझाया
हरजाई से था दिल को तड़पाया

जीवन का गम बन गया है साथी
जैसे दीपक संग जल रहा है बाती
अंधेरा अब लगता है मुझको प्यारा
उजाले से खुद को कर लिया किनारा

अनजाने में हो गई बड़ी अब भूल
मोहब्बत चुभ रहा बन कर तन में शूल
सपनो की अक्स हकीकत था समझा
पर ख्वाब तो ख्वाब है क्यूं नहीं समझा

दौलत वाले से ना कभी प्रीत लगाना
इनके लिये है दिल एक मात्र खिलौना
खेलता है और खेल कर ठुकराना
इनके लिये है मोहब्बत झुठा फसाना

जग में इन्सां क्यूँ करता है मोहब्बत
बदनामी ज्यादा कम मिलता सोहरत
खुद की बरबादी का है यह पैगाम
समझो हकीकत मत बन अनजान

# अमेरिका ईरान के बीच मस्कट में न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता संपन्न - 19 अप्रैल 2025 को फिर बैठक



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर चल रही अशांति, युद्ध, बम गोला बारूद के बीच रूस-यूक्रेन इजरायल- गाजा में युद्ध व लेबनान सीरिया व यमन में अशांति के बीच एक सकारात्मक पहलू हुआ कि ओमान की राजधानी मस्कट में ईरान अमेरिका के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता हुई, जिसे ईरान ने अप्रत्यक्ष वार्ता बताया तोअमेरिका ने प्रत्यक्ष बताया जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। लंबे समय से दुश्मन रहे ईरान और अमेरिका शनिवार (12 अप्रैल, 2025) को मस्कट में संभावित परमाणु समझौते पर पहुंचने के उद्देश्य से वार्ता किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार (7 अप्रैल, 2025) को चौंकाने वाली घोषणा की थी। परंतु मेरा मानना है कि दुनियाँ के हर देश को वैश्विक शांति के लिए जरूरत के अनुसार चार कदम पीछे हटना चाहिए व पावर दिखाने वाले देशों को भी नम्र होकर शांति समझौते करना समय की मांग है।चूँकि अमेरिका ईरान के बीच मस्कट में न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता हुई, जो 19 अप्रैल 2025 को फिर बैठने का निर्णय लिया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने, कूटनीति को सद्भावना, सहयोग, मुद्दे सुलझाने के संकल्प कर सकारात्मक नतीजे के अंजाम तक लाना जरूरी है। बता दें यह पूरी जानकारी मीडिया में अपडेट्स के सहयोग से उठाई गई है।

साथियों बात अगर हम मस्कट में 12 अप्रैल 2025 को हुई वार्ता की करें तो, ईरान और अमेरिका के दूतों ने शनिवार को ओमान में तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू की। हालांकि तत्काल कोई समझौता होने की संभावना नहीं थी, लेकिन दोनों देशों के बीच आधी सदी से चली आ रही दुश्मनी के कारण बातचीत में बहुत कुछ दांव पर लगा हुआ है। हाल के दिनों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को धमकी दे रहे हैं कि अगर वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ आम सहमति बनाने में विफल रहता है तो वह ईरान को ऐसा करने से रोकेगा।राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए तेहरान पर हमला करने की धमकी दी है, यदि समझौता नहीं हुआ, इसपर ईरान ने चेतावनी दी है कि वह हथियार स्तर के करीब संवर्धित अपने यूरेनियम भंडार के साथ परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकता है। ईरान ने वार्ता को 'अप्रत्यक्ष' बताया, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ये वार्ता ओमानी मेजबान द्वारा नियोजित स्थान पर होगी, जिसमें इस्लामी गणराज्य ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि हॉल और किनारों में बैठेंगे, तथा ओमानी विदेश मंत्री के माध्यम से एक-दूसरे को अपने विचार और स्थिति से अवगत कराएंगे, जबकि ट्रंप और विटकॉफ दोनों ने वार्ता को प्रत्यक्ष बताया है, ईरानी पक्ष इसे अप्रत्यक्ष वार्ता कहता है।लेकिन दोनों दलों के बीच सीधी वार्ता नहीं हो रही है।दोनों दल अलग- अलग कमरों में बैठे हैं और वे ओमान के विदेश मंत्री के जरिये वार्ता कर रहे हैं। यह जानकारी ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर दी है।

साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिका वार्ता के बैकग्राउंड की करें तो, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच ईरान की शनिवार को अमेरिका के साथ ओमान में बातचीत हुई है। ओमान में हुई इसी बैठक को लेकर ईरान ने बड़ा बयान दिया था। विदेश मंत्री ने कहा था कि ईरान ईमानदारी से न्यूक्लियर डील को अंतिम रूप देने के इरादे से बातचीत में शामिल होने को तैयार है, लेकिन साथ ही उन्होंने साफ किया कि ये वार्ता सीधी नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष होगी, और अमेरिका को पहले ये मानना होगा कि सैन्य विकल्प कोई विकल्प नहीं है, हाल ही में अमेरिका केराष्ट्रपति ने ईरान को न्यूक्लियर डील पर बातचीत कहने को कहा था और साथ ही धमकी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ईरान को बमबारी का सामना करना पड़ेगा।ट्रंप की चेतावनी थी, बात नहीं बनी तो भुगतना होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइली प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान वार्ता का खुलासा करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर बातचीत नाकाम रही, तो ईरान के लिए ये बहुत बुरा दिन होगा। ईरान के विदेश मंत्री ने वॉशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित एक लेख में लिखा है कि हमारा देश गर्वित है, और दबाव या धमकी के आगे नहीं झुकेगा, उन्होंने कहा कि अमेरिका अगर ईमानदार है, तो उसे साबित करना होगा कि वह डील को निभाएगा, ईरान कभी भी परमाणु हथियारों की दिशा में नहीं बढ़ा, लेकिन हम अपनी मंशा को लेकर स्पष्टीकरण देने को तैयार हैं। साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिका तनाव में इजरायल की एंट्री की करें तो, ईरान अमेरिका के बीच चल रही तनातनी में अब ईजराइल ने भी एंट्री मार ली है। दरअसल इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वह ईरान के लिए लीबिया जैसा मॉडल चाहते हैं, जहां अमेरिका खुद जाकर परमाणु स्थलों को खत्म करे, उन्होंने कहा है कि अगर अमेरिका के साथ ईरान की बात नहीं बनी, तो सैन्य कार्रवाई तय है। ईरान की दो टूक न डील खत्म करेंगे, न झुकेंगे ईरानी अधिकारियों ने बीबीसी को बताया कि वे अपने परमाणु कार्यक्रम को कभी नहीं खत्म करेंगे और लीबिया मॉडल किसी भी हालत में स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि उनका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है। 2015 की डील से बाहर निकलने के बाद अमेरिका और ईरान के रिश्तों में तल्खी बढ़ती गई है। जो अभी 19 अप्रैल को देखना होगा। साथियों बात अगर हम देर रात मीडिया में आई जानकारी के अनुसार वार्ता के नतीजे की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर दोनों देशों के बीच हुई पहली सीधी वार्ता में इस मुद्दे पर 19 अप्रैल को और चर्चा करने पर सहमति बनी है। ईरान के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के मुताबिक, वार्ता के अंत में अमेरिका के पश्चिम एशिया में दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री की उपस्थिति में संक्षिप्त बातचीत की। इससे दशकों से तनावपूर्ण संबंध वाले दोनों देशों के बीच सीधी वार्ता होने का संकेत मिलता है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कलम के सिपाहियों ने चुना अपना नया सेनापति

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी!** हर शब्द की अहमियत जानने वाले, ग्रामीण सच्चाइयों को आवाज देने वाले पत्रकारों ने रविवार को सिर्फ एक चुनाव नहीं, एक नई राह चुनी ।वाराणसी के तेलियाबाग स्थित पटेल धर्मशाला में यह महज एक संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं थी, यह उस भरोसे का उत्सव था, जो संगठन के प्रति समर्पित लोगों पर जताया गया ।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव में महेंद्र नाथ सिंह को भारी मतों से जीत मिली। वे अब उत्तर प्रदेश के नए प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष सौरभ कुमार को 71 मतों के अंतर से हराया ।रविवार को सुबह 9 बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन, नाम वापसी और पर्चों की जांच के बाद दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मतदान कराया गया। कुल 310 मतों में से 254 मत पड़े। परिणामों में महेंद्र नाथ सिंह को 171 और सौरभ कुमार को 100 मत मिले। यह आंकड़े नहीं, एक संदेश थे– ईमानदारी, संघर्ष और निरंतर सेवा का प्रतिफल ।संगठन के अन्य स्तंभों की भी घोषणा हुई उपाध्यक्ष पद पर कैप्टन वीरेंद्र सिंह, रामनरेश चौहान और ओमप्रकाश द्विवेदी निर्वाचित हुए ।महामंत्री पद पर डॉ. संजय कुमार द्विवेदी, केजी गुप्ता और नरेश पाल सिंह का चयन हुआ ।अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिसमें प्रदेश सचिव बने नागेश्वर सिंह, ऑडिटर चुने गए हौसिला प्रसाद त्रिपाठी, और संगठन मंत्री बने अजय भाटिया ।कार्यकारिणी में 5 सदस्य निर्विरोध चुने गए, जिनमें सहयोग और संगठन के लिए समर्पित चेहरे शामिल हैं ।इस ऐतिहासिक चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का श्रेय जाता है निर्वाचन अधिकारी डॉ. केएन राय और हरिद्वार राय को, जिन्होंने पूरे चुनाव को पूरी पारदर्शिता और गरिमा के साथ संपन्न कराया। इस अवसर पर प्रदेश भर के 60 जिलों से आए जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों की मौजूदगी ने इस आयोजन को एक आंदोलन का रूप दिया ।मंडलाध्यक्ष गोरखपुर जेपी गोविंद राव, आलोक तनेजा, अतुल कपूर, विपिन शाही, वीरभद्र प्रताप सिंह, पौहारी शरण राय, शैलेन्द्र सिंह, गजेंद्र सिंह, पंधारी वर्मा, संजय गुप्ता, सुधाकर मिश्रा, प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, प्रवीण यादव, विजय शंकर चौबे, गुड्डू हाशमी, चंद्रप्रकाश सिंह, अनुराग जायसवाल समेत कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे ।कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष वाराणसी राजकुमार तिवारी ने सभी सदस्यों और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा, यह संगठन परिवार है, यहाँ पद नहीं, परिश्रम बोलता है। महेंद्र नाथ सिंह की जीत हम सबकी है–हमारी पत्रकारिता की है।

# शराब की दुकान को लेकर महिलाओं ने जमकर हंगामा कर विरोध जिताया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर किरतपुर** - नव निर्मित शराब व बियर कि दुकान को हटाने कि मांग को लेकर सेकड़ो महिलाएं बिजनौर जिला अधिकारी के पास पहुंची। जिला अधिकारी ने मामले को संज्ञान मे लेते हुए उपजिलाधिकारी व आबकारी टीम को जांच के लिए मोके पर भेजा।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम असगरपुर में गुरुवार को मेमपाल सिंह कि भूमि पर एक शराब कि दुकान का उद्धघाटन हुआ जिसके विरोध मे शुक्रवार को गांव कि महिलाओ ने जमकर हंगामा करते हुए अपना विरोध जताया ओर दुकान को हटाए जाने कि मांग कि। जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो सैकड़ो महिलाएं इखट्टा होकर जिला अधिकारी कार्यालय बिजनौर पहुंची ओर अपनी मांग रखी कि यह शराब व बीयर कि दुकान ग्राम के चौराहे के पास है जिससे ग्राम का मोहोल खराब हो सकता है ओर दुकान धार्मिक स्थल से लगभग 80 मीटर की दूरी पर हैं जो सरकार के आदेशों के हिसाब से भी गलत है ।मामले को संज्ञान मे लेते हुए जिला अधिकारी ने तुरंत उप जिलाधिकारी नजीबाबाद विजय शंकर व आबकारी टीम से मोनिका यादव को आदेश करते हुए मोके पर जाकर जांच के आदेश दिए। जहाँ उप जिलाधिकारी विजय शांकर आबकारी टीम से मोनिका यादव व तहसीलदार अमित कुमार मोके पर पहुचे ओर जिला अधिकारी को स्तिथि कि जानकारी दी। जिला अधिकारी ने ग्राम के पास बनी शराब कि दुकान को संज्ञान में लेते हुए तुरंत मामले कि जांच करने के आदेश दिए। शराब कि दुकान बंद कराने आये अधिकारी के सामने भी महिलाओ ने दुकान हटाने की मांग को लेकर जमकर हंगामा हल्का दरोगा योगेंद्र शर्मा से बात कि गई तो उन्हीने बताया कि दुकान को फिलहाल बंद करा दिया गया है मामले कि जांच चल रही है।

# बाबूगढ़ पुलिस ने दो बाईक चोरों को किया गिरफ्तार जिनके कब्जे से दस मोटरसाइकिल बरामद हुई

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़** जनपद के थाना बाबूगढ़ के थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता की पुलिस टीम ने दो अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के 02 शातिर सदस्यों को किया गिरफ्तार। जिनके कब्जे/ निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 10 मोटर साइकिल व एक फर्जी नम्बर प्लेट बरामद ।गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा एनसीआर क्षेत्र व अन्य जनपदों से वाहनों को चोरी कर उनके पाट्र्स निकालकर चलते फिरते जरूरतमंद लोगों को बेच दिए जाते थे तथा अन्य कुछ पाट्र्स को जला दिया करते थे ।गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के वाहन चोर/अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध जनपद हापुड़, गाजियाबाद व मेरठ में चोरी व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं ।और दोंनो को जेल भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता का कहना है कि वाहन चोरी करने वाले व अपराध करने वाले लोगों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता सिंघम रुप पुलिस टीम के साथ कार्य करने में सक्षम है।

# निस्वार्थ सेवा संस्थान ने अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर दिया जागरूकता और सेवा का संदेश

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर निःस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन रोटी बैंक पर किया गया। इस अवसर पर संविधान निमार्ता और भारत रत्न डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। संस्था के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि ह्लडॉ. अंबेडकर केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का सपना देखा और उसे संविधान के माध्यम से साकार किया। उनका जीवन हमें सामाजिक न्याय और मानव अधिकारों की दिशा में निरंतर प्रेरित करता है ।ह्वइस अवसर पर रोटी बैंक जो की 2600 दिनों से अधिक निरंतर रूप से जरूरतमंदों के लिए भोजन वितरण का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में स्थानीय समाजसेवियों, प्रधानाचार्यों और संस्था के सदस्यों ने भाग लिया और डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएलएस स्कूल की प्रधानाचर्या विद्या प्रतीक बरतक्के, दाऊदयाल, योगेश केशरी एवं अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव नीरज गोयल , कोषाध्यक्ष-मीडिया प्रभारी सीए प्रतीक अग्रवाल , प्रवक्ता हिमांशु गौड़ ,सह सचिव तरूण राघव , सह सचिव निश्कर्ष गर्ग , वरुण अग्रवाल, रंगेश शर्मा , स्वदेश वार्ष्णेय, टेकपाल कुशवाह, सौरभ शर्मा, आलोक अग्रवाल, कनज सारस्वत , सुनील कुमार, मनीष कुमार मित्तल, अतीश अग्रवाल एवं आदि लोग उपस्थित रहे।

# अचानक दीवार गिरने से दबे एक मजदूर की मौत तीन मजदूर घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर किरतपुर।** भुस के कोठे की दीवार पर प्लास्टर करते हुए दीवर गिरने से चार मजदूर दब गए ।एक मजदूर की हालत को गंभीर देखते हुए उपचार के लिए एम्स ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया,प्राप्त जानकारी अनुसार किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सुक्खा में विपिन भुस भरने के लिए बना रहे हॉल की चिनाई करा रहे थे। चिनाई के बाद शुक्रवार को मजदूर दीवार पर प्लास्टर करने की तैयारी कर रहे थे। अचानक दीवार मजदूरों पर गिर गई। जिससे चार मजदूर दबकर घायल हो गए। सभी घायल मजदूरों में सरफराज, मोहमद शमीर, मोहमद उवैस और कासिम निवासी गांव खटाई को कल्याणी हॉस्पिटल किरतपुर में भर्ती कराया गया। जबकि सरफराज के सर पर सरिया का भीम गिर जाने सरफरज गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत नाजुक देखते हुए एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही गंभीर रूप से घायल सरफराज ने दम तोड़ दिया।

सरफराज की मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। ओर उनका रो रो कर बुरा हाल है। मृतक सरफराज की आर्थिक स्थिति बहुत ज्यादा कमजोर है सरफराज अकेला ही मजदूरी करके घर की जिम्मेदारी उठाता था, मृतक की दो माह पहले ही अंग्जमैंट हुई थी, मृतक के पिता की दो वर्ष पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी,

# सड़क हादसों का सिलसिला जारी ट्रैक्टर ट्रॉली और ऑटो की हुई भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़/बाबूगढ़** थाना क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला जारी। इसी क्रम में डिवाइडर की सफाई के दौरान ट्रैक्टर ट्राली और ऑटो की भिड़ंत में चार लोग हुए हुए गंभीर रूप से घायल ।बता दें कि थाना बाबूगढ़ के क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में फिर हुआ एक बड़ा हादसा जिसमें डिवाइडर की सफाई कर रही ट्रैक्टर ट्राली से यात्रियों से भरा तेज रफ्तार आटो अनियंत्रित होकर टकरा गया। हादसे में चार लोग घायल हो गए ।थाना प्रभारी के अनुसार दोपहर करीब 3:00 बजे कुचेसर चोपला की तरफ से आ रहा तेजरफ्तार ऑटो डिवाइडर की सफाई कर रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। और ऑटो ट्रैक्टर ट्राली के बीच फंस गया। जिसमें ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। और इस हादसे में 50 वर्षीय वर्षीय सुभाष निवासी नान थाना हाफिजपुर, संजय निवासी हसनपुर, पूजा देवी निवासी ब्रह्मपुरी मेरठ, आशा निवासी शाहदरा दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभीघायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले की जांच कर रही है।

# बच्चों के मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में बच्चों के मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों ओर से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों के घायल पीड़ितों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी बुजुर्ग व्यक्ति एहसान ने बताया कि उसके बच्चों का विवाद पड़ोस के अजीम पक्ष के साथ हो गया था। आरोप है कि तब तो मोहल्ला के लोगों ने बच्चों के विवाद का मामला निपटारा कर दिया था आरोप है कि उसके बाद से दोनों पक्ष फिर से आमने-सामने आ गए दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान एक पक्ष से एहसान तो दूसरे पक्ष से अजीम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों के लोगों ने अपने-अपने घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। और अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध आरोप-प्रत्यारो लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

# भाजपा के सभासद प्रत्याशी पीयूष बब्बू ने घर-घर पंहुच वितरण किए सरकार की योजनाओं के पंपलेट

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** आपको अवगत कराना है रविवार को शाम के समय पर वार्ड नंबर 27 लेबर कॉलोनी क्षेत्र अंतर्गत खंदारी गढी में उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री एवं हाथरस भाजपा जिला प्रभारी वेवी रानी मौर्य के निदेर्शानुसार संविधान के निमार्ता डॉ बीआर अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में ग्राम चलो अभियान एवं भाजपा उत्तर प्रदेश सरकार में 8 वर्ष और केंद्रीय सरकार के 10 वर्ष पूरे होने पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को दलित बस्ती में जाकर वार्ड नंबर 27 लेबर कॉलोनी के पूर्व भाजपा सभासद प्रत्याशी पियूष बब्बू के नेतृत्व में घर-घर जाकर बस्ती में पुस्तक वितरण एवं पंपलेट को लोगों को बताकर योजनाओं को गिनाया है। इस मौके पर भाजपा की वरिष्ठ महिला नेता रूमी अग्रवाल, अनीता गोयल. रचना पियूष, मनोज शर्मा उर्फ मोनू, संजय कुमार, विजय कुमार, सोनू भाई, अमूल श्रीवास्तव, सोनू सोनपाल, धर्मेंद्र चौधरी, दर्जन लोग मौजूद रहे।

# खत्री सभा ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को याद किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**वेलकम इंडिया**



**वरिष्ठ पत्रकार राजेश कोछड़**

**मोगा** –13 अप्रैल 1919 को बैसाखी के दिन जब बड़ी संख्या में लोग अपने नेताओं के नेतृत्व में ब्रिटिश हुकूमत की दमनकारी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, तब जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड डायर के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने देश की आजादी के राष्ट्रीय आंदोलन को कुचलने के लिए निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं, जिसमें सैकड़ों बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे मारे गए और हजारों लोग घायल हो गए। देश के लिए मर मिटने वाले जलियांवाला बाग के शहीदों के 106वें शहीदी दिवस पर खत्री सभा मोगा ने आज खत्री भवन में सभा के चेयरमैन विजय धीर एडवोकेट व अध्यक्ष डॉ. एमएल जैदका के नेतृत्व में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित कर इन शहीदों को याद किया और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जलियांवाला बाग के शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभा के चेयरमैन विजय धीर एडवोकेट एवं अध्यक्ष डॉ. एम एल जैदका तथा जिला अध्यक्ष नरोत्तम पुरी ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों का बहुत बड़ा योगदान है तथा देश की आजादी के लिए पंजाबियों की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। इनमें जिला अध्यक्ष नरोत्तम पुरी, पूर्व तहसीलदार जसवंत दानी, भजन प्रकाश वर्मा, प्रदीप भंडारी, डॉ. महेंद्र पाल सभ्रवाल, ब्रांड एंबेसडर राकेश सितारा, डॉ. जसबीर सिंह सहगल, डॉ. जतिंदर खुल्लर, मनोज जयसवाल, राकेश जयसवाल, विजय पुरी, सुशील सियाल, विकास चोपड़ा, संजीव कौड़ा जीएसटी, निशी राकेश विज आदि रहे।

# गन्नों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटा

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित पुलिस चौकी के समीप गन्नो से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया चालक व परिचालक ने कुद कर अपनी जान बचाई गनीमत रही कि हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ और सड़क जाम हो गई पुलिस ने जेसीबी मशीन लगा कर मलबे को रास्ते से हटकर अवगमन चालू कराया। नगर एवं क्षेत्र की सड़कों पर गन्नों से भरे ओवरलोड ट्रक अमजन के लिए काल बन कर दौड़ रहे हैं। शासन एवं प्रशासन गन्नों से भरे ओवरलोड ट्रकों पर लगाम लगाने विफल साबित हो रहा है। पूर्व में भी गन्नो से भरे ओवरलोड ट्रकों से कई बार बड़े हादसे हो चुके हैं इसके बावजूद भी प्रशासन अपनी कुंभकर्णी नींद से नहीं जगता। हादसा होने के बाद खाना पूर्ति कर शासन एवं प्रशासन कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। रविवार को थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर गन्नों से भरा एक ट्रक्ट बुढाना की ओर जा रहा था। जैसे ही गन्नो से भरा ट्रक डांगरौल पुलिस चौकी के समीप ईंट भट्ठे के निकट पहुंचा तो ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। राहगीरों की माने तो चालक एवं परिचालक ने अपनी जान कुद कर अपनी जान बचाई सड़क पर गन्नों से भरा ट्रक पलट जाने के कारण सड़क जाम हो गई पुलिस प्रशासन ने जेसीबी मशीन मंगा कर मलबे को रास्ते से हटाकर अवगामन चालू करवाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ और प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में पारित प्रस्ताव

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा)** : महाराजा शूरसेन सैनी वेलफेयर सोसाइटी बरवाला के पदाधिकारियों व सदस्यों ने ₹एक राष्ट्र एक चुनाव₹ की अवधारणा के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया हैं, जिसका उद्देश्य भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है।एक राष्ट्र एक चुनाव₹ का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके और देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। महाराजा शूरसेन सैनी वेलफेयर सोसाइटी बरवाला ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पारित किए गए इस प्रस्ताव को राष्ट्रपति के नाम एसडीएम बरवाला को सौपा जायेगा` प्रधान एडवोकेट दिनेश सैनी ने बताया कि बार-बार चुनाव करवाने में बाहरी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बबार्दी होती है।एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और सुरक्षा बलों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा। पूर्व प्रधान प्रवीण सैनी ने बताया कि बार-बार लगने वाले आदर्श आचार संहिता के कारण विकास परियोजनाएं रुक जाती हैं। एक साथ चुनाव होने से यह बाधा दूर होगी और सरकार अपने विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।एक साथ चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने में मदद करेगा, जिससे नीति निर्माण में स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। एक साथ चुनाव से मतदाताओं में अधिक जागरूकता और उत्साह पैदा होगा, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र को सशक्त किया जा सकेगा। चुनाव आयोग व राजनीतिक दलों को बार-बार चुनाव प्रचार के लिए भारी धनराशि खर्च करनी पड़ती है। एक साथ चुनाव होने से चुनावी खर्च में कटौती होगी, जिससे धन का अधिक सदुपयोग हो सकेगा। संसद में प्रस्तुत विधेयक को पारित कर इसे कानूनी रूप दिया जाये। सभी राजनीतिक दल आम सहमति बनाकर इसे आगे बढ़ाएं। एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है, जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत पारदर्शी और कुशल बन सकता है।इससे ना केवल सरकार के कार्यों मैं निरंतर आएगी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुदृढ़ होगी। अतः हम इस प्रस्ताव का समर्थन करते हैं और इसे लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की अनुशंसा करते हैं इस अवसर पर प्रधान दिनेश सैनी, प्रवीण सैनी, अनूप सैनी, कुलदीप सैनी, परविंदर सैनी, राजू सैनी, महेंद्र सैनी, अमित सैनी, मुकेश सैनी, सतबीर सैनी व ओमप्रकाश सैनी समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे है।

# पंचकूला मूट कोर्ट में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय की टीम का शानदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा)** : ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के कानूनी विभाग की टीम ने स्वामी देवी दयाल लॉ कॉलेज, पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तक पहुंचकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ पुनम गोयल ने टीम को बधाई दी। चांसलर डॉ गोयल ने कहा कि प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तक पहुंचकर हमारे विद्यार्थियों ने जो उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है वह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।मैं टीम के सभी सदस्यों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करता हूं। प्रो चांसलर डॉ पुनम गोयल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल हमारे छात्रों की कानूनी प्रतिभा को दशार्ती है, बल्कि हमारे विश्वविद्यालय के कानूनी विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च गुणवत्ता की शिक्षा का भी प्रमाण है। प्रतियोगिता में बी.ए.एलएल.बी के द्वितीय सेमेस्टर के लकी ने स्पीकर-1, बी.ए.एलएल.बी के चतुर्थ सेमेस्टर की नैंसी ने स्पीकर-2 और एलएल.बी के छठे सेमेस्टर के सचिन दहिया ने रिसर्चर के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें से ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय की टीम ने सेमीफाइनल तक पहुंचकर अपनी प्रतिभा एवं बुद्धिमता का परिचय दिया। नैंसी को प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वक्ता के पुरस्कार और पदक से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन.पी. कौशिक और प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# कैमरे की मदद से शातिर चोर गिरफ्तार चोरी के 16 हजार रुपए और गांजा बरामद

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया है। आरोपी के पास से चोरी के 16,200 रुपए और 772.8 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है।एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई। वार्ड नंबर 21 सुभाष नगर में हुई दुकान की चोरी के मामले में पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे कैमरों की मदद से 24 घंटे के अंदर आरोपी को पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान शमशाद उर्फ सैयद के रूप में हुई है। वह खलीलपुर टोला परसा, थाना मोहाना का रहने वाला है।उसे ग्राम पिपरी के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चोरी के मामले में धारा 317(2) इठर की बढ़ोतरी की है। साथ ही गांजा बरामदगी के संबंध में ठऊढर एक्ट के तहत अलग से मामला दर्ज किया गया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास पहले से है।

उस पर पहले भी आयुध अधिनियम समेत कई धाराओं में मामले दर्ज हैं।गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सिद्धार्थनगर अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नौगढ़ अशोक कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही।

# सरयू नहर की पुल पर खड़ी हो रही ओवर लोड ट्रके, पुल क्रैक होने व टूटने का बना रहता है डर

वेलकम इंडिया



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी अन्तर्गत एनएच-730 बढ़नी-ढेबरुआ मार्ग पर बना सरयू नहर पुल पर अक्सर बड़ी-बड़ी ओवर लोड ट्रके एक साथ खड़ी हुई दिखाई देती है।जिससे पुल पर भारी लोड पड़ने पर पुल क्रैक होने या फिर टूटने का डर बना रहता है। जिसे देखने व सुनने वाला कोई नहीं है। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते बस स्टाप चौराहे से लेकर दुधवनिया गांव तक सड़क के दोनों तरफ बड़ी-बड़ी ट्रकें खड़ी रहती है।

जिससे राहगीरों को आवागमन में दिक्कत तो होती ही है। साथ ही सड़क हादसे भी हो रहे हैं।वहीं सरयू नहर की पुल पर ट्रक ड्राइवर एक साथ 02 से 03 बड़ी-बड़ी ओवर लोड ट्रके खड़ी कर मौज उड़ाते हैं। जिन्हें इस बात की परवाह भी नहीं होती है कि दूसरे साइड से ओवर लोड गाड़ियों के गुजरने पर एक साथ भारी लोड पड़ने से पुल क्रैक होने पर टूट भी सकता है। साथ ही नहर की दोनों तरफ की पटरी से स्थानीय लोगों का आना-जाना लगा रहता है, बड़ी बड़ी ट्रकों के दोनों तरफ खड़े होने पर सड़क पार करने या मुड़ने पर कुछ दिखाई नही देता, जिससे तमाम सड़क हादसे भी हो रहे हैं। स्थानीय निवासी नीबर, राजू, जयप्रकाश, कृष्ण मोहन, शैले यादव, भोला, महेश आदि लोगों ने शासन प्रशासन से सरयू नहर पुल के आस-पास खड़ी ट्रकों को हटवाये जाने की मांग की है। वहीं रविवार को सरयू नहर पुल पर ट्रक खड़ी कर आराम फरमा रहे ट्रक ड्राइवर जीतलाल जौनपुर निवासी ने बताया कि हमारे ट्रक में लगभग 42 टन माल लोड है। इसी तरह से करीब 03 और ट्रकें पुल पर खड़ी थी, जिसे देखकर मैंने भी खड़ा कर दिया था। यहां कोई रोकने टोकने वाला नहीं है।

इसलिए ड्राइवर लोग खड़ा कर देते हैं। जबकि किसी भी पुल पर लोड गाड़ी खड़ा करना गलत है। लोगों को इस बात पर ध्यान देना चाहिए।

# पूर्व मंत्री स्व. चंदनराम दास की जयंती पर भाजपाइयों ने किया फल वितरण



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** बागेश्वर जिले के पूर्व विधायक तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चंदन रामदास की जयंती पर उन्हें याद किया गया। बागेश्वर में भाजपा कार्यकताओं ने जिला अस्पताल में मरीजों तथा वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धजनों को तथा बच्चों को फल और कॉपी किताब वितरित कीं। इस मौके पर भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि स्व. दास द्वारा किए गए कार्य बागेश्वर में हमेशा याद किए जाते रहेंगे। उनका जो मृदुभाषी कुशल नेतृत्व शक्ति, सरल व्यवहार तथा उनका आम जनता के साथ जो लगाव था, उसके लिए वह हमेशा याद किए जाएंगे। कार्यकताओं ने उन्हें याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अनमोल पॉलि क्लिनिक हॉस्पिटल में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** फूलपुर के अनमोल पॉलि क्लिनिक हॉस्पिटल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 29 युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह शिविर संतोष सिंह अनुपम की माता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रोटोकॉल प्रभारी शैलेश पाण्डेय एवं जिला महामंत्री जय प्रकाश दुबे जी थे। श्री पांडेय ने फीता काट कर रक्तदान शिविर का आरंभ कराया। अनमोल पॉलि क्लिनिक हॉस्पिटल के निदेशक डा० रंगनाथ दुबे द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में हरशंकरानंद जी ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर ने सहयोग प्रदान किया और रक्त संग्रहण की सुविधा उपलब्ध कराई। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें महादेव लाल पेड़ा भंडार के अनुराग सिंह, मनीष पाठक, ग्राम प्रधान सुरेश पटेल, एडवोकेट विशाल गुप्ता, सुनील पाल, जलज मिश्रा, दीपू सिंह, सतीश सिंह और एडवोकेट केके चौहान शामिल थे। उपस्थित सभी लोगों ने रक्तदान कर इस नेक कार्य में अपना योगदान दिया।

# कोतवाली पुलिस ने 19 पेटी अवैध शराब ले जा रहे वाहन के चालक को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** पुलिस अधीक्षक चन्द्र शेखर घोड़के ने सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध नशे के काले कारोबार पर रोक लगाने के निर्देश के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। कोतवाली पुलिस को अपने टाटा407 वाहन में अवैध रूप से शराब ले जाते हुए वाहन के चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल शाह के पर्यवेक्षण में कोतवाली बागेश्वर पुलिस टीम द्वारा वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था।तभी बिलौना में समण मंदिर पुल के पास एक वाहन टाटा 407 आते दिखी।कोतवाली पुलिस ने चालक से चेकिंग हेतु पूछा पर चालक पुलिस चेकिंग देखकर घबराने लगा।तभी पुलिस ने वाहन में ले जाए जा रहे सामान की चेकिंग शुरू की।जिसमें चेकिंग के दौरान पुलिस को वाहन में अवैध शराब भरी हुई मिली।जिसमें अंग्रेजी शराब 8 ढट बरमुड़ा ७७७ रम की 19 पेटी भरी हुई मिली।जिसके बाद पुलिस ने चालक से ले जाए जा रहे शराब के बारे में जानकारी जुटाई।

# आंबेडकर पार्क, आंबेडकर जी की प्रतिमाओं की, अभियान चलाकर की गई साफ सफाई

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया




**प्रतापगढ़।** शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज उनकी जयंती से पूर्व जनपद के सभी नगरीय निकायों, विभिन्न वार्डों, ग्राम पंचायतों आदि में स्थापित आंबेडकर पार्कों तथा आंबेडकर जी की प्रतिमाओं की विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती पर 14 से 28 अप्रैल 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है, जनपद में धूमधाम से उत्सव के रूप में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ.भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती पर प्रार्थना सभा, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता आदि पर सेमिनार के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# सराफा हत्याकांड का पदार्फाश : लूट और हत्या के आरोपियों को पुलिस ने 36 घंटे में किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** जनपद की पुलिस ने 11 अप्रैल को गोल्हौरा थानाक्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी से हुई लूट और हत्या का खुलासा करते हुए पांच अभियुक्तों को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है।एसओजी, सर्विलांस और पुलिस की संयुक्त टीम ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गोल्हौरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम से शनिवार को क्षेत्र के निबिहवा के पास वाहन चेकिंग के दौरान सराफा हत्याकांड को अंजाम देने वाले बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में तीन बदमाशों को गोली लगी। जबकि, बदमाशों की गोली एसओ गोल्हौरा के बुलेट प्रूफ जैकेट में जाकर धंस गई। पकड़े गए अभीयुक्तों के पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो देसी तमंचा , कारतूस, घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल के साथ स्वर्ण व्यवसायी से लूटे गए सोने और चाँदी के आभूषण भी बरामद किए हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी गोल्हौरा थाना क्षेत्र के कोल्हुई निबीयहवा मार्ग के पास हुई। घटना के बारे में पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन ने प्रेसवार्ता मे बताया कि 11 अप्रैल की रात स्वर्ण व्यवसायी प्रभंजन वर्मा के साथ लूट और हत्या की वारदात के बाद पुलिस की तीन टीमें इस घटना के अनावरण के लिए लगाई गई थी। इस बीच 12 और 13 की रात में पुलिस निबीयहवा कोल्हुई मुख्य मार्ग पर वाहन की चेकिंग कर रही थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त हत्या और लूट से संबंधित कुछ व्यक्ति इस तरफ मोटरसाइकिल से आ रहे हैं। इस बीच पुलिस को तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तेज रफ्तार गति से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया और उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई और वह वहां से पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने का प्रयास करने लगे।

# मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय कत्यूर महोत्सव का किया वर्चुअल शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, रंगारंग कार्यक्रमों, भव्य सांस्कृतिक झांकी के साथ कत्यूर महोत्सव का आगाज हो गया है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैजनाथ भकुनखोला मैदान में तीन दिवसीय कत्यूर महोत्सव का रविवार को वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया।इससे पूर्व, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं महिला मंगल दल की महिलाओं द्वारा गरुड़ से बैजनाथ तक भव्य सांस्कृतिक झांकी निकाली गई। महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर जनसामान्य को उपयोगी जानकारियाँ प्रदान की गई। स्कूली बच्चों द्वारा वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। साथ ही परिधान प्रतियोगिता, शगुन आखरह्ल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता समेत अनेक सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। महोत्सव का वर्चुवली शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कत्यूर महोत्सव को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि बैजनाथ की यह ऐतिहासिक भूमि 7वीं सदी में कत्यूर राजवंश की राजधानी रही है। कत्यूरी शासक अपनी समृद्ध कला, गौरवशाली संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं न्यायप्रिय शासन प्रणाली के लिए विख्यात थे। उन्होंने यहाँ प्राचीन बैजनाथ मंदिर का निर्माण कराया, जो न केवल उत्तराखंड बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में आस्था का प्रमुख केंद्र है। भगवान शिव को समर्पित यह धाम कत्यूरी शासनकाल की स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण है।मुख्यमंत्री ने कहा कि कत्यूर महोत्सव के माध्यम से इस ऐतिहासिक क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान दिलाने का सराहनीय प्रयास हो रहा है।

# मारपीट विवाद में बदला लेने के लिए की गई थी हत्या , 02 अभियुक्तों को कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त ने आलाकत्ल के साथ किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय व एस0ओ0जी0 प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय के नेतृत्व में उ0नि0 राजेश कुमार दूबे, उ0नि0 अशोक कुमार दूबे, हे0का0 नुरुद्दीन खाँ, हे0का0 अनिल कुमार,का रंजन कुमार का0 बलराम व एस0ओ0जी0 टीम प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय, हे0का0 बृजकिशोर गुप्ता, का0 दीपक सिंह, का0 सर्वेश कुमार मिश्रा, का0 वीर बहादुर यादव, का0 शुभम कुमार, का0 अरूण कुमार हलवाई, का0 विवेक मिश्रा द्वारा कार्यवाही करते हुए रविवार को हत्या की घटना का अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्तगण रवि प्रकाश उर्फ रोहित पुत्र स्व0 बसन्त लाल निवासी बैरमपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद, हरिकेश सिंह पुत्र मान सिंह निवासी कटाई थाना कोतवाली खलीलाबाद को भुवरिया-पायलपार रोड़, धमैचा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। दिनाँक 16.02.2025 को वादी श्री हरिश्चन्द्र पुत्र शिवदास निवासी बैरमपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरा पुत्र अमन ई- रिक्शा चलाता है। प्रार्थी का ग्राम के ओम प्रकाश, जय प्रकाश, श्याम, रोहित (रवि) पुत्रगण स्व० बसंत लाल से जमीनी विवाद है। दिनांक 10.02.2025 को मेरी पत्नी उक्त सम्बंध में कचहरी खलीलाबाद गयी थी,मेरा पुत्र अपनी माता को लाने के लिये कचहरी गया था तथा अपनी माता को लेकर तितौवा खलीलाबाद पर आकर उनको आगे गाड़ी में बैठाकर घर जाने के लिऐ भेज दिया । मेरा पुत्र कस्बा खलीलाबाद में उक्त ई- रिक्शा चलाने लगा तथा रात हो जाने पर मेरा पुत्र घर नही आया तब हम परिवार के लोग उसको खोजने लगे,उसका पता न चलने पर दिनांक 11.02.2025 को हम लोग थाना कोतवाली खलीलाबाद पर गुमशुदगी लिखाया गया ।मेरे पुत्र का ई-रिक्शा घोरही ग्राम के पास लवारिस हालत में मिला है। मुझे आशंका है कि ग्राम के उक्तरोक्त द्वारा मेरे पुत्र का अपहरण कर कही छिपा दिया गया है । उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0स0 137/2025 धारा 140(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था । दिनांक 23.03.2025 को थाना महुली क्षेत्रान्तर्गत इंद्रजीत पुत्र राजमन ग्राम मैन्सिर जो वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हैं, उन्होंने सूचना दिया कि ग्राम मैन्सिर में तामा खास पुलिया से नौरंगिया पुलिया के बीच नहर में पानी के किनारे उत्तर तरफ 01 अज्ञात शव पुरूष का पड़ा है, जो बिल्कुल सड़ गया है कमर से नीचे का हिस्सा अलग कंकाल रूप में पडा है । शव के कपड़े देखकर मृतक के पिता द्वारा शव की पहचान की गयी ।

# राजकीय ऑप्टोमेट्रिष्ट एसो0 यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष बने डॉ0पी0डी0गौतम

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** राजकीय ऑप्टोमेट्रिष्ट एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश का द्विवार्षिक अधिवेशन रविन्द्रालय सभागार, चारबाग-लखनऊ में आयोजित हुआ जिसमें जनपद मथुरा के जिला नेत्र सचल इकाई सीएमओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ0पी0डी0गौतम वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर 232 मत प्राप्त कर विजयी घोषित हुए है।वही प्रदेश अध्यक्ष पद पर डॉ0सर्वेश पाटिल 251 मत,डॉ0रविन्द्र यादव प्रदेश महामंत्री पद पर 259 मत,डॉ0कमलेन्द्र सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर 245, डॉ0डी.डी. वर्मा प्रदेश संयुक्त सचिव पद पर 247,डॉ0अरुणा यादव प्रदेश संगठन सचिव पर 234 मत प्राप्त कर जीत हांसिल कर विजयी घोषित हुए है।प्रदेश कार्यकारिणी के विजयी पदाधिकारियों को संयुक्त निदेशक नेत्र उपचार,संयुक्त निदेशक राष्टीय कार्यक्रम और चुनाव अधिकारी, चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा जीत का प्रमाण पत्र देकर निर्वाचित पदों पर शपथ दिलाई गई।वही वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पी0डी0 गौतम ने कहा है कि पूरे प्रदेश के नेत्र परीक्षण अधिकारियों का जो अपार प्रेम,स्नेह हमारी पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को प्राप्त हुआ है इसके लिए हम सब सभी उनका धन्यवाद ज्ञापित कर उनको ये विश्वास दिला देना चाहते है कि जिस विश्वास के साथ उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी को चुना है उस पर वो हर स्तर से खरे उतरेंगे।वही उनकी लम्बित मांगो की लड़ाई ही नही लड़ेंगे बल्कि उनको यथासम्भव पूरा करायेंगे।

# संजय द्विवेदी बने ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के प्रदेश महासचिव

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री/ बस्ती मण्डल अध्यक्ष व एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव निर्वाचित हुए। उनके निर्वाचित होने पर जिले के शिक्षकों एवं पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।शिक्षक एवं पत्रकार हितों के लिए सदैव मुखरता के साथ आवाज बुलंद करने वाले संघर्षशील कर्मठ युवा संजय द्विवेदी को बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर वरिष्ठ शिक्षक प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष जफीर अली करखी, केडी सिद्दीकी,एजाज अहमद, मोहम्मद अकरम,अरशद अली,नियाज अहमद, खगेंद्र प्रसाद मिश्रा,विनोद दुबे,आशुतोष मिश्रा,आनंद मोहन पांडेय,सोनू मिश्रा,असलम खान, अकील अहमद,लालचंद्र दुसाध, अतहरउलबारी,मो आजम,मो शोएब अख्तर,मनोज कुमार अनिल,कमरे आलम सिद्दीकी,मो परवेज अख्तर,नूर आलम सिद्दीकी, टी एच सिद्दीकी,फासीहुद्दीन,मुनीर आलम, आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

# श्री पीताम्बरा आश्रम में अर्धरात्रि बाद तक चले विभिन्न अनुष्ठान



वेलकम इंडिया

**बांसवाड़ा,** 13 अप्रेल/गायत्री मण्डल द्वारा संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में हनुमान प्राकट्य महोत्सव विभिन्न विशिष्ट अनुष्ठानों के साथ शनिवार आधी रात को सम्पन्न हुए।इसमें मुख्य साधक के रूप में राज्य उपभोक्ता आयोग के पूर्व सदस्य एवं सामाजिक चिन्तक शैलेन्द्र भट्ट ने हनुमान महापूजा के उपरान्त आरती एवं पुष्पान्जलि विधान किया।

रात्रिकालीन श्री मारुति महानुष्ठान के अन्तर्गत अक्षत एवं पुष्पों से श्री हनुमान विग्रह का हनुमान सहस्त्रनामावली से अर्चन किया गया और विभिन्न हनुमान आराधना स्तोत्रों के सामूहिक पाठ किए गए। युवा कर्मकाण्डी पं. जय रणा के आचार्यत्व में हुए इन अनुष्ठानों में गायत्री मण्डल वास्तु परिषद के संयोजक पं. चन्द्रशेखर निर्भयराम जोशी, पीताम्बरा परिषद के सह संयोजक पं. मधुसूदन व्यास, पं. चन्द्रेश व्यास, डॉ. नवीन उपाध्याय, एड्वोकेट यशपाल गुप्ता, गायत्री मण्डल उपाध्यक्ष अनिमेष पुरोहित, द्रोमिल त्रिवेदी, रमेश रेवाशंकर भट्ट, पं. मनोज नरहरि भट्ट, ललित आचार्य, अनिल पण्ड्या, हीरेन उपाध्याय, मुकेश पाठक, अनिल नरहरि एच. भट्ट, गिरीश जोशी ह्यरामायणीह्न आदि ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री पीताम्बरा आश्रम की साधिकाओं आशा जोशी, पुष्पा व्यास, नीना गुप्ता, डॉ. मनीषा उपाध्याय ने हनुमान भक्ति भजन कार्यक्रम में हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ सहित पवनपुत्र महिमागानपरक विभिन्न हनुमान स्तुतियों एवं भजनों का गायन किया। मध्यरात्रि को पूर्णिमा अनुष्ठानों की श्रृंखला में पूर्ण चन्द्रबिम्ब की साक्षी में ललिता सहस्त्रनाम से पाठ एवं अर्चन, चन्द्र पूजा तथा श्रीविद्या के विशिष्ट प्रभावकारी प्रयोग हुए।

# जोड़ा का टूटा खम्भा दे रहा हादसे को न्यौता विभाग को अनहोनी का इंतजार, जिम्मेदार बेखबर

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** अहमदगढ़ कस्बा में अहमदगढ़-पहासू मार्ग पर स्थित मौहल्ला गढ़ी में खड़े विधुत दो खम्भे पर ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। पिछले दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में विधुत खम्भे की एक साइड टूट चुकी है। जिससे हादसा होने का खतरा बना हुआ है। जिसकी सूचना स्थानीय दुकानदारों ने विधुत कर्मियों को दे दी गई है। शिकायत के बावजूद भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। उधर, विधुत उपकेंद्र अहमदगढ़ के अवर अभियंता सोनू कुमार का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही आई सामने किया विद्युत विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है जब हादसा होगा तब खुलेगी विभाग की नींद।

# मथुरा में भगवान परशुराम शोभायात्रा 4 मई को



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक भूतेश्वर स्थित श्रीजी बाबा आश्रम में हुई।समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा ने बताया कि शहर में इस बार निकलने वाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा 4 मई रविवार को बड़े धूमधाम के साथ सांय 5:00 बजे बाटी वाली कुंज से प्रारंभ होकर लाल दरवाजा, चौक बाजार, डोरी बाजार, स्वामी घाट, विश्राम घाट , छत्ता बाजार, होली गेट से भरतपुर गेट घीया मंडी होते हुए मंडी रामदास, डींग गेट पर समापन होगा।समिति के महामंत्री बंसी लाल शर्मा ने बताया पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। इस अवसर पर समिति की पदाधिकारी द्वारा परशुराम शोभा यात्रा के कार्ड का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश गौड़ ने किया। इस अवसर पर आचार्य रमाकांत गोस्वामी, मनोज शर्मा बॉबी भैया, गौरवकांत शर्मा, मोनू पंडित, गजेंद्र शर्मा, सर्वेश शर्मा एडवोकेट, मुकेश शास्त्री, ललित स्वामी, चंद्र प्रकाश आदि मौजूद थे।

# बजरंगबली मेरी नाव चली....



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** मानसी गंगा स्थिति पंचायती अखाड़े पर हनुमानजी का जन्मोत्सव पारम्परिक और भव्यता से मनाया गया। सर्व प्रथम हनुमान जी को सिंदूर अर्पण कर चांदी के वर्क से भव्य श्रंगार किया गया।तत्पश्चात निरतो गुरु के निर्देशन में ढप, ढोल आदि वाद्य यंत्रों के साथ संगीतमय भजन बजरंगबली मेरी नाव चली जरा बल्ली कृपा की लगा देना.., रघुवर के प्राण अधार हो जय जय बाबा बजरंगी... आदि भजनों के साथ मारुति नन्दन को रिझाया।करीब 8 बजे बजरंगबली को सुन्दर, भव्य सजे हुए डोले में विराजमान कर कस्बे की परिक्रमा कराई गई जिसका जगह जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दसविसा ब्राह्मणांन में सैकड़ों वर्षों से हनुमान जन्मोत्सव पर इसी तरह हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया जाता रहा है। इस अवसर पर चन्दाबाबू, पप्पन नेताजी, बंसीलाल, भारत, रासबिहारी, पुरषोत्तम शर्मा, कौशल शर्मा, धीरज चोला महंत, लक्ष्मण पाठक आदि लोगों ने हनुमान जन्मोत्सव का आनन्द लिया।

# श्री-श्री 1008 लाटू देवता औ? काशिल देवमंदिर में स्याल्दे विखोति मेला 15और16 अप्रैल को



वेलकम इंडिया

**कपकोट (बागेश्वर )**गणेश उपाध्याय, तहसील मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत कपकोट की दो मनोरम पहाड़ी पर स्थित श्री श्री 1008 लाटू देवता औ? काशिल देव के पावन धाम में क्रमशः 15 औ? 16 अप्रेल को क्षेत्र का सुप्रसिद्ध स्यालदे बिखोती मेले का आयोजन होगा। सामाजिक कार्यकर्ता नवीन कपकोटी औ? पूर्व उपप्रधान महिमन कपकोटी के नेतृत्व में लाटू देवता के मंदिर में स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया।जहाँ सोमवार को काशिल देव के मंदिर में स्वच्छ्ता अभियान चलेगा। श्री कपकोटी ने बताया मंदिरों में सुबह से पूजा अर्चना होगी। क्षेत्र की सुख, शांति औ? समृद्धि के लिए सामूहिक रूप से गोदान किया जाएगा और भंडारे का भी आयोजन होगा।मेलासमिति ने सभी लोगों से मेले को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए मेलासमिति को भरपूर सहयोग देने की अपील की है।साथ ही सभी लोगों से बढ़ चढ़कर मेले में शामिल होने के साथ ही स्थानीय कलाकारों, भजन संध्या आरती कीर्तन और मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करने की भी अपील की है। वहां सभासद गजेंद्र कपकोटी, पूर्व सभासद गिरीश जोशी, पूर्व बीडीसी सदस्य चंद्र कपकोटी, पुजारी लीलाधर उपाध्याय, राजेंद्र कपकोटी, महेश, हुकुम कपकोटी, बहादुर बिष्ट, बलवंत, खुशहाल, खीम कपकोटी थे।

# अम्बेडकर जयंती पर नगर निगम का विशेष सफाई अभियान



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** स्वतंत्रता के अमृतकाल में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती को विशेष रूप से मनाने के उद्देश्य से लखनऊ नगर निगम द्वारा 14 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक 15 दिवसीय विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ की जा रही है।इस आयोजन को पूरे प्रदेश में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नगर निगम ने राजधानी के 1120 सार्वजनिक पार्कों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

इस अभियान की शुरूआत आज दिनांक 13 अप्रैल 2025 को विभिन्न पार्कों में विशेष सफाई कार्यक्रम के साथ की गई।नगर निगम के निर्देशानुसार पार्कों में सफाई के साथ ही औद्यानिक अवशेषों का भी उठान और उनका उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह अभियान शहरवासियों को स्वच्छ व सुंदर वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस विशेष सफाई अभियान को शहर में माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

अभियान की निगरानी और समन्वय की जिम्मेदारी अपर नगर आयुक्त डा० अरविन्द कुमार राव, उद्यान अधीक्षक गंगाराम तथा शशिकांत को सौंपी गई है।

# बाबा साहेब का संविधान बचाने के लिए कांग्रेस को मजबूत करना जरूरी : जियाउर्रहमान

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर/अनूपशहर/** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर कांग्रेस ने अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव खनोदा में जय बापू, जय भीम, संविधान पंचायत का आयोजन किया और लोगों से संवाद कर बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के संविधान को बचाने की लड़ाई पर मंथन कर कांग्रेस को मजबूत करने का आव्हान किया। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शर्मा, ज्ञानेंद्र राघव, सलाम खान, प्रज्ञा गौड़, रविन्द्र प्रधान और बबलू कुरैशी ने पंचायत के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, राष्ट्रीय प्रवक्ता निगहत अब्बास का फूल मालाओं से स्वागत किया।कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का बनाया संविधान आज खतरे में हैं, भाजपा और आरएसएस संविधान को लगातार बदल रहे हैं । उन्होंने कहा कि देश के पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को समानता और सम्मान का अधिकार बाबा साहेब और कांग्रेस ने दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि बीजेपी और संघ के पुरखों ने भारतीय तिरंगा, हमारे संविधान, हमारे अशोक चक्र, बाबासाहेब अंबेडकर और हमारे स्वतंत्रता संग्राम सबका विरोध किया था।रामलीला मैदान में बीजेपी और संघ के नेताओं ने महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, बाबासाहेब के पुतले जलाए और भारत के संविधान की प्रतियां जलाई थीं। राष्ट्रीय प्रवक्ता निगहत अब्बास ने कहा कि भाजपा और आरएसएस बेरोजगारी, महंगाई से ध्यान भटकाने के लिए धर्म और जाति की राजनीति कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि भाजपा देश को तोड़ने का काम कर रही है, आने वाले समय में लोग देश की एकता बनाए रखने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेंगे। पंचायत को पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शिवराम बाल्मिकी, मुनीर अकबर, शकील अहमद, पौरुष शर्मा, ज्ञानेंद्र राघव, प्रज्ञा गौड़, सलाम खान, रवि लोधी, लक्ष्मी नारायण ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्ध नेता महेंद्रपाल शर्मा ने की।इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, सुभाष गांधी, राष्ट्रीय प्रवक्ता निगहत अब्बास, शिवराम बाल्मिकी, पौरुष शर्मा, मुनीर अकबर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शर्मा, वरिष्ठ नेता ज्ञानेंद्र राघव, सलाम खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़, रविन्द्र प्रधान, बबलू कुरैशी, प्रभात कौशिक, नितिन शर्मा, अखंड प्रताप, मुनेश पंडित, सुरेंद्र उपाध्याय, दिनेश शर्मा एड, आशु शर्मा, इंतजार अली, राजेश शर्मा, रायसिंह प्रधान, किरणपाल शर्म, राजकुमार शर्म, प्रवेंद्र शर्मा, नेमपाल सिंह, दीपक कुशवाह, प्रमोद शर्मा, खानचंद्र जाटव, श्रीपाल जाटव, झम्मन जाटव, बंटी जाटव, रमेश गौतम, सोमवीर गौतम आदि मौजूद रहे।

# गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों का एक साँस्कृतिक सम्मेलन आयोजित किया : कविता त्यागी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुरातन छात्र समिति के तत्वाधान में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों का एक साँस्कृतिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें देश भर से पहुंचे महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपनी यादों को ताजा किया। महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण से हुई। इसके बाद प्रोफेसर साधना और पुरातन छात्र समिति ने अतिथियों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और कॉलेज के विस्तार पर चर्चा करते हुए पुरातन छात्रों को कॉलेज का गौरव बताया। उन्होंने बताया महाविद्यालय के कई पुरातन छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। कार्यक्रम में 30 वर्ष पहले पासआउट कर चुके छात्र- छात्राओं ने अपने पुराने मित्रों के साथ मिलकर नृत्य-गायन के साथ पुरानी यादों को ताजा किया। सभी ने स्वीकार किया कि पुराने साथियों से मुलाकात कर उनमें एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य साधना एवं संचालन कविता त्यागी ने किया। आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में ग्वालियर में जिला न्यायधीश पद पर कार्यरत विवेक कुमार ने अपनी यादें साझा करते हुये कहा कि उन्होंने 1994 में महाविद्यालय से स्नातक की शिक्षा पूरी की थी। ग्रामीण परिवेश में पढ़कर ही वे जज की कुर्सी तक पहुंचे हैं। उन्होंने अपने साथियों से कहा कि अपनों की योग्यता देखे और आगे बढ़ाये। इस समारोह को भव्य स्तर पर कराने का श्रेय न्यायधीश विवेक कुमार और महाविद्यालय की पूर्व छात्रा लखनऊ यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर पद पर कार्यरत कविता त्यागी को जाता है जिन्होंने समारोह को आकर्षक और रोमांचक बनाने के लिए अथक प्रयास किये। इस दौरान महाविद्यालय के पूर्व छात्र अमीर अहमद के उपन्यास 'पढ़े-लिखे गुलाम' का विमोचन भी किया गया।

सम्मेलन में प्रोफेसर जी एच पाठक, प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, प्रो.अशोक कुमार, प्रो. दिनेश सिंह, डॉ अखिलेश ने पुरातन छात्रों को सम्बोधित किया और छात्रों को इस पहल पर बधाई दी। इस मौके पर रेनू शर्मा, सीना वर्मा, लक्ष्मी जिंदल, बबीता, वंदना, कल्पना त्यागी, रीता, शालू, सुनीता, अंजू, सरिता, अनिता, मलखान, शरद, राजकुर, मनोज कुमार, गुलसिताब, अजीत कुमार, अंजू शर्मा, मनीषा आदि ने अपने विचार रखे।

# गांव चलो अभियान में किया जनसंपर्क गिनाई भाजपा की उपलब्धियां



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** भाजपा सरकार द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के निमित्त विधानसभा नूरपुर के ग्राम दरियापुर मे बूथ संख्या 216 व बूथ संख्या 217 में प्रवास कर स्वच्छता अभियान, लाभार्थी संपर्क, जन चौपाल, बूथ समिति के साथ बैठक, बूथ समिति पदाधिकारीयो के साथ वार्ड फेरी व वार्ड में रहने वाली प्रमुख जातियों के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक कर प्रवास किया। प्रवास के दौरान मोहन सिंह (रामवीर सिंह) चेयरमैन सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर, रमेश सिंह बूथ अध्यक्ष, जयवीर सैनी बूथ अध्यक्ष, जितेंद्र सिंह पूर्व ग्राम प्रधान दरियापुर हरप्रसाद सैनी, वीरेंद्र सिंह सचिव देवता महाविद्यालय, सुरेश कुमार डेलीगेट गन्ना समिति धामपुर, लाल बहादुर सिंह आलोक कुमार धर्मपाल गिरी, मास्टर पुखराज सिंह आदि व्यक्ति व पार्टी के पदाधिकारीगण एव कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गाँव/वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** गाँव/वार्ड चलो अभियान के निमित्त नूरपुर विधानसभा के नूरपुर मंडल के वार्ड चौधरीयान बूथ संख्या-258 पर घर घर जा कर सम्पर्क किया तथा भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, चौधरी रणबीर सिंह, जुगनू चौधरी, जागेश कुमार, बूथ अध्यक्ष वीर प्रकाश भूईयार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खलीलाबाद विधानसभा के उमरी गाँव समेत भाजपा स्थापना दिवस पर दर्जनों गांव में पहुंचे पूर्व विधायक जय चौबे ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** भाजपा स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान के तहत पूर्व विधायक जय चौबे के नेतृत्व में सदर विधान सभा क्षेत्र के अईचा काट गांव में कार्यकताओं को फूल मालाओं से लादकर और उन्हें भगवा गमछा पहनाकर सम्मान किया गया ।कार्यक्रम के दौरान बीजेपी के पूर्व सदर विधायक दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी उर्फ जय चौबे ने बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र अध्यक्षों समेत प्रमुखों और अन्य मौजूदा तथा पूर्व पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए सभी के अंदर जोश और जुनून भरने का कार्य किया ।पूर्व विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आम जनता को राहत पहुँचाने की दिशा में अनवरत कार्य कर रही है। भाजपा एक मात्र पार्टी है जिसमे कार्यकर्ता का सम्मान सबसे ऊपर है। एक कार्यकर्ता को बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुँचने का अवसर सुलभ है ।उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन एवं विकास के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों से जन जन को अवगत कराते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा आठ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार भय ,भूख, भ्रष्टाचार से देश की जनता को छुटकारा दिलाते हुए विकास की नयी पटकथा लिखी है ।आज प्रदेश की जनता अपराधियों के भय से दूर निडर होकर अपनी दिनचर्या में लगी है। पूर्व विधायक जय चौबे ने भारतीय जनसंघ से लेकर अब तक के भाजपा के राजनीतिक संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकताओं की तपस्या के बल पर ही भाजपा ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के बल पर केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकारें निरन्तर देश और प्रदेश की समृद्धि को काम कर रही हैं।

# रिटायर्ड शिक्षक का भव्य सम्मान समारोह आयोजित



**वेलकम इंडिया**

**जहांगीराबाद।** नगर क्षेत्र के मो.अह्लग्रान प्राथमिक शिक्षा से जुड़े अध्यापक अली हैदर के सफल सेवा निवृत होने पर सैकड़ों ग्रामीणों व राजनीतिक नेताओं ने सम्मान समारोह में सम्मानित किया। गांव सांखनी स्थित एक स्कूल प्रांगण में शिक्षक अली हैदर के रिटायर्ड होने पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मुकेश पंडित व ब्लाक प्रमुख पति मनोज प्रधान, होशियार सिंह व सुनील चरौरा आदि रहे। इस अवसर पर राजनीतिक नेताओं व सैकड़ों ग्रामीणों ने शिक्षक अली हैदर का शॉल उड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुकेश पंडित, मनोज प्रधान व सुनील चरौरा ने अपने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षक से बड़ा कोई भी ओहदा नही है, शिक्षक ही देश के भविष्य निमार्ता होते हैं। इस मौके पर गजनफर अली, शमशुल अली, हैदर हसन, उम्मेद अली, ममुशीर अख्तर, श्री प्रसाद, नरेश पाल, मुजम्मिल खा आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस प्रथम रहा



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल धामपुर रोड नूरपुर बिजनौर प्रथम स्थान. भगत सिंह हाउस द्वितीय स्थान. तेज हाउस तृतीय स्थान. टैगोर एवं सुभाष हाउस विद्यालय में बिजनौर जिले की ऐतिहासिक ₹धरोहर₹ और ₹जलियांवाला बाग हत्याकांड स्मृति दिवस₹ विषय पर सभी पाँच हाउस सुभाष हाउस, गाँधी हाउस, टैगोर हाउस भगत सिंह हाउस और तेज हाउस के बीच बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें हाउस के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। भगत सिंह हाउस वंशिका, साक्षी, मिनी, रिधिमा, एंजेल, अवनी, माधव ने अपने बोर्ड को सजाने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। तेज हाउस से निष्ठा, ध्रुव, रीत, अदीबा, चेतना, प्रियल, प्रियांशी ने अपने बोर्ड को सजाने में सर्वश्रेष्ठ सहयोग किया। टैगोर हाउस से यथाक्षी, कृतिका, इशिका, वैशाली, प्रगति, अफशा, अवनि ने अपने बोर्ड को सजाने में सर्वश्रेष्ठ सहयोग किया। सुभाष हाउस से कनक, भूमि, शुभ, हर्षिका, प्रणव, रिया, प्रभसिमरन, अग्रिमा ने अपने बोर्ड को सजाने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गाँधी हाउस से आराध्या, अदिति, नवजीत, वैष्णवी, सादिया, रिया, भूमि ने अपने बोर्ड को सजाने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बरम सिंह, अर्चना राजपूत एवं विद्यालय गतिविधि प्रभारी अंशुल गोयल का व अन्य शिक्षक. शिक्षिकाओं का योगदान रहा। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह प्रधानाचार्य अवनीश कुमार व कोओर्डिनेटर दीपक कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# दो भाइयों ने मिलकर धार्मिक नगरी मथुरा में शुरू किया नया स्टार्टअप

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा :** मथुरा में बढ़ते हुए ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा देते हुए मथुरा मे बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित , दीक्षित गाड़ी वाले के निदेशक नरेंद्र दीक्षित दोनों भाइयों ने मिलकर बृज में नया स्टार्टअप शुरू किया, इस स्टार्टअप के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को नया रोजगार देने के उद्देश्य से ऑनलाइन वस्तुओं व्यापार की डिलीवरी के लिए नया रोजगार देने के लिए उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी बनाने वाली कंपनी इवेज कंपनी से करार करने साथ इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी का संचालन करने के लिए मुविंग बेट्री कम्पनी से अनुबंध करते हुए 18 बेट्री चार्ज स्टेशन जनपद में अलग-अलग खुलें गये हैं जहां पर वाहन फ्री स्वैपिंग करवा सकेगा अगले महीने तक जनपद 15 नये बेट्री चार्ज स्टेशन खुले जा रहे हैं । प्रथम चरण में 200 स्कूटी बेरोजगार युवाओं को नया रोजगार देने के लिए तैयार हैं। ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने बताया 2023 में विंटेज कार की सौगात 2024 में बृज श्रद्धालुओं के लिए टू व्हीलर टैक्सी सेवा शुरू की गयी। अब हम बेरोजगारों के लिए नया रोजगार का साधन लाए हैं क्योंकि हर व्यक्ति नई गाड़ी नहीं खरीद सकता है । बेरोजगार हम से गाड़ी किराए पर हमसे लेकर ऑनलाइन फूड डिलीवरी ,कोरियर , फेरीवाला, नया रोजगार शुरू कर सकता है । प्रथम चरण में 200 लोगों के लिए स्कूटी उपलब्ध है मथुरा में आगे इसका विस्तार समय-समय पर किया जाएगा ।

दीक्षित गाड़ी वाले के निदेशक नरेंद्र दीक्षित ने कहा यह गाड़ी ऐसे नवयुवकों दी जायेगी जो अपना रोजगार शुरू कर सके ,इस गाड़ी मेंटेनेंस हमारी तरफ से फ्री रहेगी । वाहन में किसी तकनीकी समस्या होने उसके लिए टीम तैयार की गयी जो जगह जगह पहुंच कर समस्या फ्री में दूर करेगी । हमारी आफिस बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने बनाया गया है ।

# मथुरा के स्पंदन हॉस्पिटल में हुआ पैन क्रियाज का सफल ऑपरेशन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** दिल्ली मेरठ में बड़े हॉस्पिटलों ने जिस बीमारी को लेकर ऑपरेशन करने से मना कर दिया हो उसका ऑपरेशन मथुरा के एक हॉस्पिटल में पूर्ण रूप से सफल हुआ। मेरठ निवासी रमेश यादव जो कि आर्मी में कार्यरत है, उनको पैन क्रियाज जैसी गम्भीर बीमारी हो गई थी, जिसको लेकर उन्होंने मेरठ के तमाम हॉस्पिटल और दिल्ली के बड़े बड़े हॉस्पिटलों में अपना इलाज कराया मगर सभी हॉस्पिटलों ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया। मगर मथुरा के स्पंदन हॉस्पिटल जयसिंहपुरा में डॉक्टर निशा जैन के द्वारा पैन क्रियाज का सफल ऑपरेशन किया गया। मीडिया से बात करते हुए मरीज रमेश यादव ने बताया कि में काफी समय से बीमार था और दिल्ली मेरठ के तमाम हॉस्पिटल ने दिखा चुका था और किसी ने भी मेरा ऑपरेशन नहीं किया। जब हमें डॉक्टर निशा जैन के बारे में पता चला तो हम मथुरा आ गए और डॉक्टर साहिबा से बात की तो उन्होंने ऑपरेशन करने की बात करते हुए मेरा सफल ऑपरेशन कर दिया और अब मैं एक दम आराम महसूस कर रहा हूं। जब इस ऑपरेशन को लेकर डॉक्टर निशा जैन से बात की तो उन्होंने बताया कि ये बहुत ही रियर केस था पर जब हमने केस को देखा तो मरीज की स्थिति बहुत खराब थी और मरीज का ब्लड ग्रुप ओनेगेटिव था। भगवान के आशीर्वाद से ऑपरेशन सफल हुआ है और अब मरीज एक दम सही है।

# श्रीमद् भागवत में छठवें दिन सुनाई कंस वध और कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा



**झांसी!** श्री मारूति नन्दन धाम शंकर सिंह का बगीचा पर में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत पीयूष रस वर्णन महोत्सव कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से श्री भास्कर जारलिया जारौलिया महाराज ने कंस वध व रुकमणी विवाह के प्रसंगों का चित्रण किया। बाल व्यास ने बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के प्रमुख कारण थे, जिसमें एक कारण कंस वध भी था।

# उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य्य पुष्पा पांडे ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव से की मुलाकात



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा के संदर्भ में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेंद्र देव से रविवार को उनके निवास पर जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने बालिका शिक्षा के उन्नयन एवं सुरक्षा के संदर्भ में गहन विचार विमर्श किया। इस मौके पर पुष्पा पांडे ने कहा आने वाले समय में इस विषय को लेकर जगह-जगह सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सरकार की मंशा के अनुसार बालिका शिक्षा क्यों आवश्यक है और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार के साथ हम सब की भी है। इस विषय को लेकर विचारों का आदान-प्रदान होगा, शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेंद्र देव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति बहुत ही अनुपम तथा ऐतिहासिक कार्य कर रही है। महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे का उन्होंने अपने गृह निवास आने पर बुके देकर स्वागत भी किया। इस अवसर पर आर्य देव महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ मीना देव, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार, राज्य पुरस्कृत शिक्षक मोहम्मद नईम, वरिष्ठ समाज सेवी एवं शिक्षक रमेश सागर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उधर शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव ने आर्य देव महाविद्यालय में होने जा रहे अंबेडकर जयंती कार्यक्रम एवं वार्षिक उत्सव सम्मान कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित भी किया।

उक्त अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे के साथ अर्बन बैंक की अध्यक्ष एवं झारखंड के गवर्नर माह में संतोष गंगवार की पुत्री श्रुति गंगवार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी।

# श्री राम नाम सत्संग सेवा न्यास द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई हनुमान जयंती

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त बाबा हनुमान जी महाराज की जयंती संपूर्ण विश्व में हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर श्री राम नाम सत्संग सेवा न्यास द्वारा दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदीनगर स्थित वर्कर्स क्लब में पधारे न्यास के संस्थापक व आध्यात्मिक गुरु पूज्य श्री अशोक शास्त्री महाराज ने आयोजित सत्संग व भोग कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा हनुमान जी ज्ञान गुण व बल का प्रतीक है। जिनकी भक्ति और शक्ति से काम क्रोध लोभ मोह व मिथ्याभिमान जैसे विकारों का स्वतः ही नाश हो जाता है तथा प्राणियों में सद्भावना का उद्भव हो जाता है पूज्य अशोक शास्त्री ने कहा कि प्राणी मात्र को आत्मअवलोकन करना चाहिए और मनुष्य को अपने भीतर छुपी बुराइयों को दूर करने के लिए सत्संग में जाना व सत्संग सुनना व सत्संग करना चाहिए। क्योंकि जीवन को श्रेष्ठ पथ पर लाने के लिए सत्संग बहुत जरूरी है !

सत्संग व भोग कार्यक्रम के बाद न्यास द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन के अवसर पर पूज्य गुरुमाता संतोष शर्मा चंद्रवीर फफराना सच्चिदानंद पंत सुरेश अग्रवाल देवेंद्र गर्ग प्रदीप वार्ष्णेय पंकज अग्रवाल प्रिंस कंसल कुणाल अग्रवाल पराग जैन हिमांशु गुप्ता अक्षय शर्मा अनिल गुप्ता क्षितिज पंत नितिन गुप्ता नीरज गुप्ता राजू ठेकेदार कृष्ण कुमार गोयल विजय गोयल प्रार्थना गर्ग अंजना अग्रवाल रीता वार्ष्णेय दिशा कंसल मोनिका अग्रवाल ज्योति जैन शालिनी गुप्ता मधु शर्मा नताशा शर्मा संगीता दारूका सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भाजपा के वार्ड /गांव चलो अभियान के तहत प्रवास किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल ने मोदीनगर के वार्ड संख्या 29 आदर्श नगर में स्थापना दिवस के अंतर्गत चल रहे वार्ड /गांव चलो अभियान के तहत प्रवास किया। इस दौरान वार्ड नंबर 29 आदर्श नगर के बूथ नंबर 172 पर सभासद ललित त्यागी के नेतृत्व में बूथ बैठक, कार सेवकों का सम्मान एवं घर-घर संपर्क अभियान पूर्ण किया। जिसमे उन्होंने सभी को मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नितिन जिंदल, प्रीतम प्रजापति शक्ति केंद्र संयोजक, आनंद गोयल, लोकेश दोढ़ी, शिव अग्रवाल, नितिन मित्तल, महेश सेन बूथ अध्यक्ष, हिमांशु थापर, आयुष गोयल, गोपाल गुप्ता पवन अग्रवाल भारत गुप्ता अमित सिंघल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंगूरी हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** अंगूरी हॉस्पिटल बेगमाबाद, संजय पुरी, बुदाना रोड, मोदीनगर के तत्वावधान में एक निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें लगभग 80 मरीज के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया जरूरतमंद गरीब मरीज को दवाइयों का वितरण निशुल्क किया गया। अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर महेश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को अस्पताल के प्रांगण में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें परामर्श वह स्वास्थ्य की जांच निशुल्क की जाएगी ला इलाज रोगी एक बार अवश्य संपर्क करें।

## प्रेरणा वर्मा को प्रधानाचार्य बनने पर दी शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर के पदाधिकारियों ने बड़ी बहन श्रीमति प्रेरणा वर्मा को के.एन.मोदी ग्रुप के सुंदर पेंगुइन स्कूल (हापुड़ रोड़) की प्रधानाचार्य बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। अजमीढ जी महाराज आपको सफलता की ओर अग्रसर करें इस शुभ अवसर पर श्री परमात्मा शरण वर्मा, मोहित सोनी, अजय स्वर्णकार, मोंटी वर्मा उपस्थित रहे।

## लावारिस कुत्तों से लोग परेशान

गाजियाबाद। नंदग्राम क्षेत्र में लावारिस कुत्तों से लोग परेशान हैं। लोगों ने निगम से कुत्तों की नसबंदी कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह में कुत्ते कई लोगों को काटकर जख्मी कर चुके हैं। कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है नंदग्राम निवासी साहब सिंह त्यागी और मुकुल शर्मा ने बताया कि कुत्तों की दहशत बढ़ रही है। शिकायत करने पर भी कुत्तों को नसबंदी के लिए नहीं उठाया जा रहा।

# मेरठ में जुनून जश्न डांस का सीजन वन का हुआ भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**
**मेरठ।** समाज सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में सक्रिय जायंट्स ग्रुप का नोबल हार्ट्स द्वारा, कथक कला केंद्र के सहयोग से, दिनांक 13 अप्रैल 2025 को ₹ जुनून जश्न डांस का सीजन 1₹ का भव्य आयोजन पी.एल. शर्मा स्मारक, बच्चा पार्क, मेरठ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए निहारिका गोयल, संस्थापक एवं अध्यक्ष, जॉइंट ग्रुप का नोबल हार्ट्स ने की, जबकि मानसी सिन्हा, संस्थापक एवं निदेशक, कथक कला केंद्र ने सह-अध्यक्ष के रूप में कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की छुपी प्रतिभा को मंच प्रदान करना और नृत्य कला के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और संस्थानों के बच्चों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। बच्चों की उत्साहजनक भागीदारी और प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मंच का संचालन शिवी बंसल द्वारा अत्यंत प्रभावशाली और ऊजार्वान शैली में किया गया। जज पैनल में क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्तियाँ शामिल रहीं: रुचिका सिंह, प्रिंसिपल, संगीत समाज आद्धया तेवतिया, शास्त्रीय गायिका रैना करवाल, नृत्य शिक्षिका, गंगानगर जजों ने बच्चों की प्रस्तुति का मूल्यांकन नृत्य की भाव-भंगिमा, ताल, और समर्पण के आधार पर किया और श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पल्लवी सिंह, रेखा शर्मा, सुनीता सिंघानिया, और अन्य टीम सदस्यों का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुचारु और सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया।



जायंट्स ग्रुप का नोबल हार्ट्स की अध्यक्ष सीए निहारिका गोयल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी रचनात्मक क्षमताओं को पहचानते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और आयोजक मंडल का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए पूरी टीम को बधाई दी गई और भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की योजना की घोषणा की गई।

## स्वतंत्रता सेनानी दिवंगत वहीद खाँ अमृत सरोवर पर छायादार पेड़ लगाए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** अमृत सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में भोजपुर खण्ड विकास के ग्राम कलछीना में स्वतंत्रता सेनानी दिवंगत वहीद खाँ अमृत सरोवर पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें छायादार और फलदार पेड़ सरोवर पर, प्रजापति शमशान भूमि पर, बाल्मीकि शमशान भूमि पर लगाये। सरोवर पर सर्वप्रथम सभी अतिथियों का अभिनन्दन तिरंगा का पटका व माला पहनाकर किया। वहीद खाँ के परिवार के सदस्य हकीकत का विशेष अभिनन्दन किया। सरोवर पर शिलापट्ट स्वतंत्रता सेनानी दिवंगत वहीद खाँ के नाम का लगने पर शासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप ज़िला पंचायत सदस्य अनिल गौतम रहे। जिन्होंने अपने कार्य कराये उनको बताते हुए आगामी कार्यों का भी जिक्र किया। अध्यक्ष के रूप में ग्राम प्रधान इमरान खान रहे। आगंतुक बंधुओं ने अपने विचार व्यक्त किये। सामूहिक राष्ट्रीय गान लहराते तिरंगे झंडे के साथ हुआ। कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति अनिल गौतम, इमरान ,हकीकत, मास्टर महेन्द्र, इस्तकबाल, परवेज तोमर, सूरजपुर, सलमान तोमर आदि मौजूद रहे।

## आरकेजीआईटी एण्ड मैनेजमेंट में स्पोर्ट फेस्ट 2025 का समापन

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आरकेजीआईटी एण्ड मैनेजमेंट में तीन दिवसीय 10, 11 एवं 12 अप्रैल को स्पोर्ट फेस्ट 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। इस अवसर पर आर के जी ग्रुप के एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, ग्रुप डायरेक्टर डॉ डीके चौहान, संस्थान के निदेशक डॉ राकेश गोयल, डीन एकेडमिक्स प्रो मनोरमा शर्मा, प्रॉक्टर डॉ अरूण कुमार पाण्डेय, अंकित साहू गेम इंचार्ज एवं सभी विभागाध्यक्ष, फैकल्टी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एनसीआरटीसी ने शुरू किया नमो भारत ट्रेन का ट्रायल रन

वेलकम इंडिया



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**
**मेरठ।** एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के संपूर्ण संचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देर रात्रि न्यू अशोक नगर और सराय काले खां स्टेशन के बीच ट्रायल रन शुरू कर दिए। नमो भारत ट्रेन को धीमी रफ्तार में एनसीआरटीसी की टीम द्वारा डाउन लाइन पर न्यू अशोक नगर से सराय काले खां लाया गया। मीडिया प्रवक्ता ने बताया कि इस ट्रायल की प्रक्रिया में सिगनलिंग सिस्टम की अनुकूलता की जांच के लिए नमो भारत ट्रेन को मैन्युअल तरीके से चलाया गया। इसी कड़ी में जैसे-जैसे यह परीक्षण आगे बढ़ेगा, एनसीआरटीसी ट्रैक, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) और ओवरहेड पावर सप्लाई सिस्टम जैसे विभिन्न सबसिस्टम के साथ ट्रेन के इंटीग्रेशन और इसके समन्वय का आकलन करने के लिए व्यापक मूल्यांकन करेगी। इसके साथ ही आगामी दिनों में ट्रेन के हाई-स्पीड टेस्ट सहित व्यापक ट्रायल रन किए जाएंगे। ट्रायल प्रक्रिया के दौरान नमो भारत ट्रेन ने पहली बार यमुना को पार किया और आगे बढ़ते हुए बारपुला फ्लाईओवर व रिंग रोड के ऊपर से गुजरते हुए सराय काले खां स्टेशन में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है कि यमुना को पार करने के लिए एनसीआरटीसी ने कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए 32 पिलर्स पर लगभग 1.3 किमी लंबा पुल तैयार किया, जिसका लगभग 626 मीटर का हिस्सा यमुना पर है और शेष हिस्सा दोनों ओर खादर क्षेत्र में है। यह पुल यमुना नदी पर डीएनडी यमुना पुल के समानान्तर बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर, सराय काले खां स्टेशन तक पहुँचने के लिए भारी ट्रैफिक वाले बारपुला फ्लाईओवर और इसके बराबर से गुजर रहे रिंग रोड के ऊपर वायडक्ट निर्माण करना भी एनसीआरटीसी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन एनसीआरटीसी ने इस हिस्से में भी निर्माण को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। बताया कि न्यू अशोक नगर से सराय काले खां तक, इस सेक्शन की लंबाई लगभग साढ़े 4 किमी है। इस सेक्शन के संचालित होने पर यात्रियों के लिए सराय काले खां से मेरठ तक वातानुकूलित आरामदायक नमो भारत ट्रेन सेवा उपलब्ध हो जाएगी, जिससे यात्रियों के लिए मेरठ शहर तक निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। हाल ही में, सराय काले खां से न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन के बीच के खंड में ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) को चार्ज किया गया था।

# हनुमान जन्मोत्सव पर लगाया 56 किलो लड्डू का भोग

वेलकम इंडिया



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**
**मेरठ।** राधा गोविन्द शयन आरती परिकर के 56 भोग मासिक कीर्तन मे इस महा बड़ी धूम धाम प्रभु श्री राम व उनके प्यारे भक्त श्री हनुमान जी का जन्ममहोत्सव पर 56 किलो लडडू का भोग लगाया गया , जन्ममहोत्सव को अपने भाव मे सजाने के लिए दिल्ली से रसिक मोहित भईया ने अपने भाव से ₹ हम राम जिके राम जी हमारे है₹ व ₹यह जो केरी के लाल मेरा छोटा सो यह काम ₹ , रसिक जनो को व उत्सव प्रागण को आनद मय भजनो से भावपूर्ण किया ,इन भाव से भक्तजन ने खूब आनंद लिया , उत्सव समापन के बाद भक्तो को 56 किलो लडडू का भोग बाटा गया । मासिक कीर्तन हर महा प्रभु की किर्प्या से राधागोविन्द श्यन आरती परिकर के माध्यम से किया जाता जिसमे महीने की रितू के हिसाब से प्रभु के बंगला का मनोरथ व हर महा 56 भोग लगाया जाता है और वृन्दावन या आस पास के रसिकजन गायन के लिये बुलाते है । इस उत्सव की सेवा मे दीपक अग्रवाल,अतुल गर्ग,मयंक अग्रवाल,नितिन गुप्ता ,अभिषेक मित्तल , सचिन गुप्ता,हिमांशु , वेद प्रकाश, राजु ,निशांत शर्मा,अमन अग्रवाल,मयंक महेश्वरी, अमित अग्रवाल व श्री राधा गोविन्द शयन आरती परिकर के समस्त व रसिकजनों सदस्यो का सहयोग रहा ।

## महीनों से फरार चल रही सोफिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**
**मेरठ।** थाना मेडिकल में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या-18/2025 में फरार चल रही मुलजिमा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवती पर रेप और धोखाधडी का मामला दर्ज है। जिसको पुलिस तलाश कर रही थी। थाना मेडिकल पुलिस ने बताया कि युवती 3 महीने से फरार चल रही थी। सोफिया ने एक पुलिसकर्मी पर फर्जी रेप का आरोप लगाया था। आरोप के बाद दारोगा सस्पेंड हो गया था। बताया जा रहा कि सोफिया एक स्पा सेंटर की किंग है। सोफिया के इशारे पर स्पा सेंटर चलता है। लोन दिलाने के नाम पर रेप करने की वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देती थी। सोफिया पर कई संगीन आरोप लगे हुए हैं।

# भारत को जानना हो तो गाँव की पगडंडी पर चले जाइए: डॉ अनिला सिंह

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मेरा गाँव मेरा अभिमान-गाँव और वार्ड चलो अभियान के तत्वावधान में भाजपा के कार्यक्रम के अंतर्गत कलछीना और सुक्कन गढ़ी का दौरा अपने कार्यकर्ता भाईयों के साथ किया। यूँ तो इन दिनों गाँव की गलियों की रौनक जंगल की ओर अर्थात खेतों में होती है। भारत को जानना हो तो गाँव की पगडंडी पर चले जाइये। भाजपा के हरबीर बाल्मीकि के आवास पर परिवार की महिला को पटका पहना कर अभिनन्दन किया। दिवंगत भाजपा के छज्जू सिंह ढिलौर के परिवार में पोती को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। बूथ संख्या 260 पर वरिष्ठ भाजपा प्यारे लाल पूर्व जिला मंत्री अनुसूचित मोर्चा का भी सम्मान किया। आठ साल बेमिसाल। कभी-कभी मिलते रहिए तो आत्मीयता बनती है। डॉक्टर भीमराव रामजी अम्बेडकर संविधान निमार्ता के मूर्ति स्थल पल सफाई की कल उनकी जयंती है। कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने में डाक्टर उपेन्द्र कुमार आर्य पूर्व प्रांतीय प्रतिनिधि, राजकुमार प्रजापति मंडल उपाध्यक्ष, जोगेश्वर सिंह अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष, अरुण ढिलौर सक्रिय सदस्य भाजपा, आदित्य, रोजी,प्यारे, जमशेद, शहनाज परवीन, कुसुम, सलमान अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय, फैसल,फहादुल्लाखाँ, सतीश प्रजापति का रहा तथा हमारा डॉक्टर अनिला सिंह आर्य का प्रवासी के रूप में जाना हुआ।

# हनुमान जन्मोत्सव पर बीके शर्मा हनुमान ने ली जूना अखाड़े के पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरि से दीक्षा

वेलकम इंडिया







**गाजियाबाद**। आदिशक्ति की प्रतिरूप माता अंजनी के दिव्य पुत्र, पवनपुत्र हनुमान जी के महाशुभ अवतरण दिवस पर एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण साक्षी बना, जब ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने जूना अखाड़े के पीठाधीश्वर, अनंत श्री विभूषित आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज के चरणों में स्वयं को पूर्ण रूप से समर्पित करते हुए आध्यात्मिक दीक्षा प्राप्त की।

यह दिव्य दीक्षा हरिद्वार की पावन धरती पर स्थित कनखल क्षेत्र के श्री हरिहर आश्रम में संपन्न हुई। बीके शर्मा हनुमान ने मां गंगा का पुण्यस्नान कर उन्हें साक्षी मानकर आत्मसमर्पण का संकल्प लिया और ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर के रूप में अपने नए आध्यात्मिक जीवन का आरंभ किया। बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज केवल भारत के ही नहीं, बल्कि समस्त विश्व के लिए एक आध्यात्मिक प्रकाशस्तंभ हैं। वे भारतीय संत परंपरा के गौरवस्वरूप, दार्शनिक, लेखक और आत्मबोध कराने वाले एक ऐसे वक्ता हैं, जिनके प्रवचनों से न केवल साधु-संत समाज बल्कि आम जनमानस भी प्रेरणा ग्रहण करता है। स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज का जूना अखाड़े में पीठाधीश्वर का पद उन्हें एक लाख से अधिक नागा साधुओं का मार्गदर्शक बनाता है। वे अब तक करीब दस लाख से अधिक नागा साधुओं को दीक्षा दे चुके हैं और धर्म, साधना व सेवा के त्रिकोण में संत समाज को संगठित करने का अविरल कार्य कर रहे हैं। उनके प्रवचन केवल वाणी की मधुरता नहीं, अपितु आचरण की शुद्धता और चेतना की गहराई से श्रोताओं को भीतर तक स्पर्श करते हैं। हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन दिन दीक्षा लेकर बीके शर्मा हनुमान ने न केवल स्वयं के आध्यात्मिक जीवन का एक नया अध्याय प्रारंभ किया, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणादायी संदेश दिया कि जब समर्पण पूर्ण होता है, तभी साधना सिद्ध होती है। यह संकल्प, यह समर्पण और यह दीक्षा, समूचे संत समाज और सनातन संस्कृति के लिए एक अत्यंत गौरवशाली क्षण बनकर उभरा।

## दबंगों ने ऑफिस में कूलर कारोबारी को पीटा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। सिटी जोन में एक कूलर कारोबारी को दबंगों ने उसी के ऑफिस में पहले बंद करके पीटा। वारदात की वीडियो बनाई और फिर जान से मारने की धमकी देकर उसके ऑफिस पर अपना ताला डालकर कब्जा भी कर लिया। पीड़ित कारोबारी ने पुलिस से घटना की शिकायत की है।

पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है। मगर, वारदात के चार दिन बीतने पर भी आरोपी फरार हैं। सिटी जोन में कोतवाली नगर क्षेत्र की कैला भट्टा चौकी क्षेत्र में मुस्लिम इलाके कैला भट्टा और इस्लाम नगर आते हैं। कैला भट्टा की गली नंबर 17 के निवासी मोहम्मद सिराज टूटी रेलवे लाईन के पास लारेब कूलर के नाम से कारोबार है। यहां प्रेम आईसक्रीम वाले के सामने उनका ऑफिस है। घटना नौ अप्रैल की रात नौ बजे की है। मोहम्मद सिराज अपने ऑफिस पर बैठे थे। इसी दौरान एक शख्स आठ-10 लोगों को साथ लेकर वहां पहुंचा। तमंचा निकालकर कारोबारी की कनपटी से सटाया और ऑफिस का दरवाजा भीतर से बंद करा दिया। इसी दौरान मारपीट कर सिराज को बंधक बनाकर वीडियो बनाई।

## उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन टीम ने केरल मे रचा इतिहास





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। पहली बार उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन महिला एवं पुरुष टीम ने ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर सिल्वर मेडल प्राप्त किये, दोनों टीमें ऑल इंडिया चेम्पियनशिप के फाइनल मे पहुंची और बेहद उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन टीम विगत एक वर्ष से गाजियाबाद पुलिस लाइन में रहकर सीबीआई अकैडमी में मुख्य कोच वरुण पँवार के निर्देशन मे अभ्यास करती है, अभ्यास का परिणाम प्रतियोगिता मे दिखाई दिया, पुलिस महानिरीक्षक स्पोर्ट सचिव लखनऊ श्री प्रीतेंद्र सिंह एवं उत्तर प्रदेश पुलिस खेल अधिकारी श्री विनय चौधरी द्वारा मेडल जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को फोन पर बधाई दी और मुख्य कोच वरुण पवार को शुभकामनाएं दी, प्रतियोगिता मे बाकी बचे सभी इवेंट के लिए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी अच्छा खेलने के लिए प्रेरित किया तथा उत्साहवर्धन किया, वही गाजियाबाद के पुलिस अधिकारियों द्वारा भी शुभकामनाएं दी गई प्रतिसार निरीक्षक गाजियाबाद श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुवे मनोबल बढ़ाया गया। महिला खिलाड़ियों में सिमरन चौधरी रिचा यादव नंदनी यादव आरती सिंह पाल एवं पुरुष खिलाड़ियों में कपिल चौधरी पीयूष कुमार राजन यादव जुनैद अंसारी ने बेहद उम्दा खेल का प्रदर्शन किया उम्मीद से बढ़कर खेले।

## वेलकम इंडिया



शहर विधायक संजीव शर्मा जी भी पहुंचे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरु घर में माथा टेकने के लिए विधायक संजीव शर्मा जी जब चुनाव लड़ रहे थे तो आखरी दिन जो रोड शो निकल गया था शहर में रोड शो की शुरूआत भी गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से हुई थी आज गुरुद्वारा साहिब जीतने के बाद पहुंचने पर गुरु साहब का माथा टेकर शुकराना किया और संगत का भी

## हिन्दू रक्षा दल की भव्य सनातनोदय यात्रा, 20 हजार श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। लोनी क्षेत्र में रविवार को हिन्दू रक्षा दल द्वारा आयोजित सनातनोदय यात्रा ने भक्तिभाव और एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। यह शोभायात्रा सुबह 11 बजे 100 फूटा रोड स्थित बिजली घर से आरंभ होकर गढ़ी कटिया तक सम्पन्न हुई। यात्रा की भव्यता और अनुशासित स्वरूप ने सभी को रामराज्य की अनुभूति कराई।

यह यात्रा श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित की गई, जिसमें लगभग 40 कॉलोनियों और आधा दर्जन गांवों से श्रद्धालु सजी-धजी झांकियां लेकर शामिल हुए। लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं ने लोनी तिराहे पर एक साथ बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिससे समस्त वातावरण भक्तिमय हो उठा। यात्रा में रथ, ट्रैक्टर और संगीत वाहन शामिल थे, जिनसे सुंदर भजनों की गूंज पूरे मार्ग को गुंजायमान कर रही थी। श्रद्धालुओं ने जय हनुमान ज्ञान गुण सागर का सामूहिक उच्चारण करते हुए शोभायात्रा मार्ग को संगीतमय बना दिया। यात्रा के दौरान तेज धूप भी श्रद्धालुओं के जोश और श्रद्धा को कम नहीं कर सकी। सुरक्षा के लिए चारों थानों की पुलिस के साथ-साथ बाहरी क्षेत्रों से भी पुलिस बल बुलाया गया था, जो यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर तैनात रहा। हिन्दू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष अमित प्रजापति ने लोनी तिराहे पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सबको एकता का संदेश दिया और सभी को संगठित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हिन्दू समाज की शक्ति और एकता का प्रतीक है। इन झांकियों के माध्यम से समाज को लव जिहाद से बहनों-बेटियों की रक्षा, गौ रक्षा, बेटियों को पढ़ाने और बचाने जैसे जागरूकता संदेश दिए गए। यात्रा मार्ग में स्थानीय नागरिकों और व्यापार मंडल ने श्रद्धालुओं का फूलों की वर्षा से स्वागत किया तथा विभिन्न स्थानों पर शीतल जल और भंडारे की व्यवस्था की। यात्रा के कारण कई मार्गों पर यातायात का मार्ग परिवर्तन (रूट डायवर्जन) किया गया।

## बैसाखी पर गुरुबाणी की गूंज और श्रद्धा का संगम, गाजियाबाद में खालसे की भावना से सराबोर हुआ माहौल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। वैसाखी का पर्व रविवार को पूरे देश में उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पर्व का सिख धर्म में विशेष धार्मिक महत्व है, क्योंकि यही वह दिन है जब 1699 में श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

पंच प्यारे सजाकर उन्होंने न केवल एक नए धार्मिक पंथ की नींव रखी, बल्कि सामाजिक रूप से जातिवाद और कुरीतियों को तोड़कर एकजुटता और समानता का संदेश भी दिया। बैसाखी का पर्व किसानों के लिए भी अत्यंत हर्षोल्लास का अवसर होता है, क्योंकि यह उनकी मेहनत से तैयार फसल के कटाई के समय आता है। फसल पकने और घर आने की खुशी को वे इस पर्व के माध्यम से प्रकट करते हैं। विशेष रूप से पंजाब में यह पर्व अत्यधिक उल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी क्रम में गाजियाबाद के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की तैयारियाँ कई दिनों से चल रही थीं और गुरुद्वारा कमेटी के महामंत्री एसपी सिंह ओबेरॉय अपनी टीम के साथ दिन-रात आयोजन को सफल बनाने में लगे रहे। आयोजन में वीर खालसा दल के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह ओबेरॉय और जगमोहन कपूर ने भी सक्रिय सहयोग किया। सुबह अखंड पाठ की समाप्ति के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पश्चात निरंतर कीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें सिख धर्म के प्रसिद्ध कीर्तनीय भाई साहब नरेंद्र सिंह जी, जो फतेहगढ़ साहिब से विशेष रूप से आए थे, ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को आत्मिक आनंद प्रदान किया। इससे पहले कथावाचक हरभजन सिंह ने सिख इतिहास के महत्वपूर्ण प्रसंगों को श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया, जिससे संगत भावविभोर हो उठी। दोपहर दो बजे के बाद गुरु का लंगर प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

